NBT
नवभारत टाइम्स



PTI

# प्रदूषण गंभीर, सर्वे में 82% ने कहा, करीबी बीमार पड़े

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली और NCR के ज्यादातर हिस्सों में प्रदूषण सोमवार को भी गंभीर बना रहा। दिल्ली में प्रदूषण की निगरानी से जुड़े 40 में से 28 केंद्र रेड जोन में रहे। हालात इस कदर खराब हैं कि दिल्ली-NCR के 82% लोगों ने माना कि उनके जानने वालों में एक या एक से ज्यादा लोग इस प्रदूषण के कारण सेहत से जुड़ी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। LocalCircles के इस सर्वे में शामिल 73% लोग इस कारण चिंतित दिखे कि वे परिजनों की देखभाल पर होने वाले खर्च को वहन कर पाएंगे भी या नहीं। वहीं, 8% तो दिल्ली-NCR छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। इस बीच दिल्ली सरकार ने 5वीं तक के स्कूलों को पूरी तरह 'ऑनलाइन मोड' में चलाने का निर्देश जारी कर दिया है।

**दिल्ली में 5वीं तक के स्कूल ऑनलाइन, आदेश जारी**

महानगरों में एक वर्ग ऐसा है, जिनकी लाइफस्टाइल प्रदूषण की समस्या पैदा करती है, खमियाजा गरीबों को झेलना होता है। - सुप्रीम कोर्ट

### कोहरे से कई हादसे, 5 मौतें

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह घने कोहरे की वजह से फरीदाबाद और नूंह में हुए हादसों में CISF इंस्पेक्टर समेत 5 लोगों की मौत हो गई। गाजियाबाद में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (KGP) पर 10 गाड़ियां टकरा गईं। ग्रेनो में भी दो जगह 20 वाहन भिड़े।

## फुटबॉलर बोले - थैंक्यू, फिर मिलेंगे!

# दिल्ली ने जीता मेसी का दिल



■ फुटबॉल के सुपरस्टार लियोनेल मेसी (Lionel Messi) ने सोमवार को दिल्ली में अपने भारत टौर का समापन धमाकेदार अंदाज में किया। अरुण जेटली स्टेडियम में उन्होंने अपने फैन्स को जीवनभर की यादें दीं और फिर लौटने का वादा भी किया। इस दौरान स्टेडियम में 25 हजार से ज्यादा दर्शक अर्जेंटीना की नीली-सफेद जर्सी (नंबर 10) पहने हुए थे और लगातार 'मेसी-मेसी' के नारे लग रहे थे। मेसी का 72 घंटों का 'GOAT' टूर कोलकाता में अफरा-तफरी से शुरू हुआ था, लेकिन दिल्ली से वह गदगद होकर लौटे।


AP

**वेलकम मेसी** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और ICC के चेयरमैन जय शाह ने मेसी का स्टेडियम में स्वागत किया।

### स्टेडियम में धमाकेदार एंट्री...

मेसी की उड़ान कुछ देरी से दिल्ली पहुंची। फैन्स का इंतजार तब खत्म हुआ, जब मेसी ने स्टेडियम में एंट्री ली। साथ में दो अन्य दिग्गज फुटबॉल लुईस सुआरेज और रॉड्रिगो डी पॉल थे।

PTI

**फैन्स ने सीखे गुर** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मेसी ने बच्चों के साथ फुटबॉल खेलकर माहौल को यादगार बना दिया।

### दीवाने फैन्स के लिए सपने जैसे रहे 35 मिनट

मेसी सिर्फ 35 मिनट के लिए स्टेडियम में थे, लेकिन वह थोड़ा समय भी उनके लिए किसी सपने से कम नहीं था। सबसे रोमांचक क्षण तब आया जब बेहद महंगे टिकट खरीदकर आए फैन्स के सामने मेसी ने स्पैनिश में छोटा-सा, लेकिन दिल छू लेने वाला संबोधन दिया। उन्होंने आखिर में कहा, 'Gracias Delhi ! Hasta pronto (धन्यवाद दिल्ली, जल्द मिलते हैं)'। मेसी, रॉड्रिगो और सुआरेज ने स्टेडियम का पूरा चक्कर लगाया और दर्शकों के उत्साह के बीच एक दर्जन से अधिक फुटबॉल्स को किक मारकर स्टैंड्स में उछाला, जिससे फैन्स खुशी से झूम उठे। ▸ पेज 3, 9

PTI



**ताजपोशी:** दिल्ली में BJP मुख्यालय में सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को कुर्सी पर बिठाया।

## नितिन नवीन ने संभाला पदभार, IGI से पार्टी मुख्यालय तक स्वागत

# BJP में 'नवीन' अध्याय की शुरुआत

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: बीजेपी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और धर्मेंद्र प्रधान व पीयूष गोयल जैसे वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पदभार संभाला। साल 2026 में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव उनके कार्यकाल की सबसे पहली और बड़ी चुनौती होगी। खासकर पश्चिम बंगाल में बीजेपी कैसा प्रदर्शन करती है, इस पर सबकी निगाह रहेगी। पांच बार के विधायक, बिहार सरकार में मंत्री और कई राज्यों के प्रभारी 45 वर्षीय नितिन नवीन ने अपने राजनीतिक जीवन में नई सोच वाली नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। उनकी नियुक्ति से बीजेपी ने अपने हर कार्यकर्ता को संदेश दिया है कि मेहनत और रिजल्ट देने वालों को बड़े से बड़ा पद भी दिया जा सकता है। माना जा रहा है कि नितिन नवीन अंततः नड्डा के उत्तराधिकारी के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। हो सकता है कि 14 जनवरी या इसके बाद उन्हें पूर्णकालिक कमान दे दी जाए।

**2026 में पांच राज्यों में चुनाव होंगे सबसे बड़ी चुनौती**

इससे पहले IGI पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रियों और कई बीजेपी सांसदों की मौजूदगी में उनका स्वागत किया। फिर पार्टी मुख्यालय में उनके स्वागत में फूल बरसाए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे भी लगाए। ▸ पेज 5

**GOOD न्यूज़**
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 8

### मोदी जॉर्डन पहुंचे, भारतवंशियों से मिले



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर जॉर्डन पहुंचे। इसका मकसद अरब देश के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है। जॉर्डन में मोदी ने भारतवंशियों से भी मुलाकात की।

**हैपी मॉर्निंग**

बॉस ने जोक सुनाया तो पूरी टीम हंसने लगी, बस पिंकू नहीं हंसा।
**बॉस ने पूछा:** तुम्हें जोक समझ नहीं आया? **पिंकू:** सर, मेरा सिलेक्शन दूसरी कंपनी में हो गया है।

**अर्थसार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,213.36 (-54.30) |
| निफ्टी | 26,027.30 (-19.65) |
| रु/यूएस डॉलर | 90.76 (+0.33) |
| रु/यूरो | 106.50 (+0.41) |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम दिल्ली | ₹1,37,600 (+4,000) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो दिल्ली | ₹1,99,500 (00) |

**मौसम**

अधिकतम तापमान 23.7°
10° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त मंगलवार 5:27 | सूर्योदय बुधवार 7:07
कोहरे से उड़ानें प्रभावित। इंडिगो की फ्लाइट्स की स्थिति जांच कर निकलें।

# मनरेगा से महात्मा गांधी को राम-राम, केंद्र ला रहा कानून, भड़का विपक्ष




■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

केंद्र MGNREGA यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को खत्म कर नया कानून ला रहा है। इस विधेयक की कॉपी सोमवार को लोकसभा के सदस्यों में बांटी गई। बिल का नाम - विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार ऐंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी (VB-G RAM G) बिल 2025 रखा गया है। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को हर साल 100 के बजाय 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी देने का प्रस्ताव है। ▸ पेज 5

**केंद्र में सहयोगी टीडीपी भी इस बिल से चिंतित**

विपक्ष ने मनरेगा का नाम बदलने के सरकार के फैसले का विरोध किया है। इनका कहना है कि यह महात्मा गांधी का अपमान और मनरेगा को खत्म करने की साजिश है। केंद्र सरकार में सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी (TDP) ने विधेयक के इस प्रावधान पर चिंता जताई, जिसमें कहा गया है कि राज्यों को भी मजदूरी भुगतान का भार साझा करना होगा।

### पाक की मदद से हुआ था पहलगाम अटैक: NIA

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के केस में NIA ने सोमवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। इसमें मारे गए तीनों पाकिस्तानी आतंकवादियों समेत 7 लोगों को आरोपी बनाया गया है। चार्जशीट में पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और इसके शैडो संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के खिलाफ भी आरोप लगाए गए हैं। ▸ पेज 7



**गोवा अग्निकांड**

### लूथरा ब्रदर्स आज आ सकते हैं दिल्ली

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: गोवा पुलिस ने बताया कि बिर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा मंगलवार को थाईलैंड से दिल्ली पहुंच सकते हैं। दिल्ली पहुंचते ही दोनों भाइयों को गोवा पुलिस हिरासत में ले लेगी। थाई अधिकारियों ने इंटरपोल ब्लू कॉर्नर नोटिस पर लूथरा भाइयों को हिरासत में लिया था। हिरासत में लिए जाने के बाद, दोनों को ट्रांजिट रिमांड के लिए दिल्ली की कोर्ट में पेश किया जाएगा। ▸ पेज 7


लूथरा ब्रदर्स

### श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के नेता वेदांती नहीं रहे

■ पीटीआई, रीवा/अयोध्या: श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी नेता रहे BJP के पूर्व सांसद राम विलास वेदांती (67) का हार्ट अटैक से सोमवार को मध्यप्रदेश में रीवा के अस्पताल में निधन हो गया। वेदांती के शिष्य छोटे दास महाराज ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार अयोध्या में होगा। वेदांती को एयर एंबुलेंस से भोपाल एम्स ले जाने का प्रयास हुआ, पर खराब मौसम से संभव नहीं हुआ। ▸ पेज 10



**परंपरा को चुनौती** वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में परंपराओं में बदलाव को दी गई चुनौती

# बांके बिहारी में 'स्पेशल पूजा' पर SC ने कहा, यह तो भगवान का शोषण

Rajesh.Choodhary@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में पैसे लेकर अमीर लोगों के लिए 'स्पेशल पूजा' कराने की प्रथा पर असंतोष जताया। वृंदावन के बांके बिहारी जी मंदिर से जुड़ी याचिका पर सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह टिप्पणी की। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'दोपहर 12 बजे दर्शन बंद करने के बाद वे भगवान को एक मिनट के लिए भी आराम नहीं करने देते और उनका शोषण करते हैं। तथाकथित धनी लोग जो भारी रकम चुका सकते हैं, उन्हें विशेष पूजा करने की अनुमति दी जाती है।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई अब 7 जनवरी को होगी।



**सुप्रीम कोर्ट** ने कहा कि भगवान को आराम भी नहीं करने देते हैं।

**देहरी पूजा का मुद्दा भी कोर्ट में उठा**

सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ताओं ने कहा कि सदियों पुरानी 'देहरी पूजा' बंद कर दी गई है, जो गुरु-शिष्य परंपरा का एक अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने दलील दी कि क्राउड मैनेजमेंट के आधार पर इसका निलंबन निराधार है, क्योंकि यह अनुष्ठान तब किया जाता है, जब मंदिर आम जनता के लिए बंद होता है।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: cci Time: 12-15-2025 22:28 Color:



NBT AI टाइम मशीन

## आज है विजय दिवस

भारत में हर साल आज के दिन विजय दिवस मनाया जाता है। ये दिन 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की जीत का प्रतीक है। 16 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तानी सेना के लगभग 93 हजार सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने सरेंडर कर दिया था। भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना ने मिलकर काम किया था। इसके बाद बांग्लादेश एक आजाद देश बना। इससे पहले उसे पूर्वी पाकिस्तान कहा जाता था।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर मंगलवार, 16 दिसंबर 2025

## बढ़ेगी सेना की तकनीकी ताकत

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारतीय सेना तकनीकी रूप से बेहद शक्तिशाली होगी। आने वाले समय में युद्धों में रोबोट, AI का बड़ा इस्तेमाल होगा। AI दुश्मन की चालों को पकड़कर तेज फैसले लेने में मदद करेगा, जिससे जवानों को कम जोखिम में रहेंगे। भारत अदृश्य ड्रोन जैसे हथियार खुद बना रहा है। पहाड़ी इलाकों में ये हथियार तेजी से काम कर पाएंगे। आने वाले समय में सेना के पास साइबर हमलों के लिए अलग स्पेशल यूनिट भी होगी।



AI Image

SPEED News

**कनाडा के एडमोंटन में मूल रूप से पंजाब** निवासी दो लोगों की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पहचान गुरदीप सिंह (27) और रणवीर सिंह (19) के रूप में हुई है।





Agency

**मोरक्को के साफी शहर में भारी बारिश** और अचानक आई बाढ़ से 37 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 70 घर जलमग्न हो गए और 10 वाहन बह गए।

**जोसे एंटोनियो कास्ट चिली के नए प्रेजिडेंट** बन गए हैं। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार कास्ट ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की है।





**ग्वाटेमाला में हिंसा में पांच लोगों की मौत के** बाद राष्ट्रपति बर्नार्डो एरेवालो ने देश की दो नगरपालिकाओं में आपातकाल लागू किए जाने की घोषणा की है।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# 'यहूदी हैं इसलिए निशाना बनाया गया'

## बॉन्डी बीच की सर्वाइवर ने सुनाई आतंक की कहानी | कहा, दुनिया को अब अपनी आंखें खोलनी होंगी | हनुक्का उत्सव में हुई फायरिंग में 15 जानें गईं

■ एजेंसी, सिडनी

**ऑस्ट्रेलिया के** मशहूर बॉन्डी बीच पर रविवार शाम हनुक्का उत्सव मातम में बदल गया। शाम को समुद्र किनारे बने पार्क में यहूदी समुदाय के सैकड़ों लोग हनुक्का उत्सव मनाने के लिए जुटे थे। बच्चे खेल रहे थे, संगीत बज रहा था और सूरज ढलने वाला था। तभी पास के पैदल पुल से दो हमलावरों ने भीड़ पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं।

33 साल की रेबेका अपने 5 साल के बेटे को बचाने के लिए एक टेबल के नीचे लेट गईं और बेटे को ऊपर से ढक लिया। उन्होंने बताया, पास ही एक शख्स को गोली लगी, जिसने दम तोड़ने से पहले कहा, 'मैं सांस नहीं ले पा रहा हूं।' रेबेका ने घटना के बाद कहा, हमें सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि हम यहूदी हैं। 7 अक्टूबर 2023 के दिन हमास के इस्राइल पर हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, दुनिया को अब आंखें खोलनी होंगी।

पुलिस के मुताबिक, यह हमला यहूदी विरोधी आतंकी हमला था। हमले में कम से कम 15 लोगों की जानें चली गईं।

**बड़े गन कानून सुधार की तैयारी:** ऑस्ट्रेलिया ने गन कानूनों को और सख्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज की अध्यक्षता में कैबिनेट मीटिंग के बाद एक साझा बयान जारी किया गया। गन कानूनों में तुरंत, ठोस सुधार जरूरी है। 1996 के पोर्ट आर्थर नरसंहार के बाद बने नैशनल फायरआर्म्स एग्रीमेंट की दोबारा समीक्षा की जाएगी।



**हनुक्का पर्व** के आयोजन के दौरान सामूहिक गोलीबारी के बाद लोगों ने बॉन्डी पवेलियन में बने स्मारक पर फूलों को श्रद्धांजलि दी।

### जान बचाने के लिए समंदर में कूदे लोग

बॉन्डी बीच पर गोलीबारी के दौरान हर जगह अफरातफरी मची थी। बीच पर पर्यटक और आसपास के होटल में मेहमान, सभी ने डर का मंजर देखा। एलेनॉर ने गोलियों की आवाज सुनी तो बिना कुछ सोचे समुद्र में कूद गईं। कई लोग या तो पानी से भागे या वहीं छिपने की कोशिश करने लगे। एक होटल में ठहरे जोएल सार्जेंट और उनकी पार्टनर जेस ने कमरे से देखा कि सैकड़ों लोग सड़कों पर भाग रहे थे। जेस वीडियो बनाते हुए कहती सुनी गईं, 'बेबी, मुझे डर लग रहा है।'

### जयशंकर ने अटैक पर जताया दुख

■ भाषा, नई दिल्ली : भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से बात की और सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले पर भारत की तरफ से संवेदना जताई। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से बात की। बॉन्डी बीच पर हुए आतंकवादी हमले पर संवेदनाएं जताईं और अपना पूरा समर्थन दिया।



### UN महासचिव ने हमले की निंदा की

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में हनुक्का पर्व के आयोजन के दौरान हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। गुटेरस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बयान जारी कर यह जानकारी दी। महासचिव ने इस हमले में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने घायलों के जल्द और पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना की है।



एंटोनियो गुटेरस

## हमले के पीछे बाप, बेटा और IS कनेक्शन

**बॉन्डी बीच** पर हमले की जांच के दौरान खुलासा हुआ कि आतंकी हमले के पीछे बाप-बेटे थे। दोनों ने मिलकर हनुक्का उत्सव के दौरान भीड़ पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। अफरातफरी के बाद पुलिस ने मोर्चा संभाला और एक हमलावर ढेर कर दिया गया। मरने वाले की पहचान साजिद अकरम (50) के रूप में हुई। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने कहा कि कार्रवाई में साजिद का बेटा नवीद अकरम (24) घायल हो गया।

हमले की जांच कर रही टीम ने बताया कि दोनों शूटरों ने हमले को अंजाम देने से पहले अपने परिवार वालों को बताया था कि वे मछली पकड़ने के लिए साउथ कोस्ट जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि नवीद अकरम ऑस्ट्रेलिया में जन्मा नागरिक है। ऑस्ट्रेलिया के गृहमंत्री टोनी बर्क के मुताबिक, साजिद 1998 में स्टूडेंट वीजा पर ऑस्ट्रेलिया आया था, जिसे 2001 में पार्टनर वीजा और बाद में रेजिडेंट रिटर्न वीजा में बदल दिया गया था। यानी साजिद अकरम के पास ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता नहीं थी। पुलिस ने इस घटना को आतंकी हमला बताया है।

ऑस्ट्रेलियन मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावरों की कार के अंदर इस्लामिक स्टेट (IS) के दो झंडे मिले। मौके से मिले फुटेज में एक झंडा गाड़ी के बोनट पर लगा हुआ दिख रहा था।



हमलावर नवीद अकरम।

### पिता बनने का कुछ दिन पहले चला पता...

सिडनी के बॉन्डी बीच में हुई गोलीबारी में घायल हुए लोग अलग-अलग अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। इनमें कॉन्स्टेबल स्कॉट जॉनसन भी हैं, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, जॉनसन को कुछ दिन पहले ही पता चला था कि वह पिता बनने वाले हैं। उनकी पत्नी भी पुलिस में ही हैं। उनके एक दोस्त ने बताया, उसे पिछले हफ्ते ही पता चला था कि वह जल्द पापा बनने वाला है।



## इंडिगो मामले से जुड़ी अर्ज़ी पर SC बोला, दिल्ली हाई कोर्ट जाएं



**सुनवाई से किया इनकार** एक संवैधानिक कोर्ट के रूप में हाई कोर्ट इन मुद्दों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है -CJI सूर्यकांत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने सोमवार को इंडिगो संकट से जुड़ी एक जनहित याचिका (PIL) पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसी तरह का मामला पहले से ही दिल्ली हाई कोर्ट में पेंडिंग है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को दिल्ली हाई कोर्ट की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति दी। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट से आग्रह किया कि वह याचिकाकर्ता को वहां चल रही कार्यवाही में हस्तक्षेप करने की अनुमति दे।

सीनियर वकील मुकुल रोहतगी ने पीठ को दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित मामले की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि डीजीसीए ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति बना दी है। चीफ जस्टिस ने कहा कि वह हाई कोर्ट जा सकते हैं क्योंकि वहां मामला पेंडिंग है। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि हर दिन कम से कम 300 उड़ानें रद्द हो रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। CJI सूर्यकांत ने कहा कि वे हाई कोर्ट इन मुद्दों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है।

### समय-समय पर राहत देती है सरकार: मंत्री

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: राज्यसभा में सोमवार को हवाई किराए की कीमतों में त्योहारों और दूसरी स्थितियों की वजह से इजाफे का मामला उठा। केरल से सीपीआई सांसद पी संदोष ने केंद्रीय उड्डयन और विमानन मंत्री राममोहन नायडू से पूछा कि बीते दिनों इंडिगो संकट के दौरान, सरकार ने कीमतों पर कैपिंग के जरिए हवाई सफर की कीमतों को स्थिर किया था। क्या ओनम पर भी यात्रियों को आराम दिया जा सकता है? जवाब में कहा कि अतीत में कुंभ मेले, पहलगाम हमले और कोविड के दौरान भी इस तरह के उपाय सरकार की ओर से किए गए हैं। मंत्रालय बेहद गंभीर है, सरकार ऐसे सारे फैसले लेती है जो यात्रियों के हक में होते हैं।



## राम मंदिर ट्रस्ट की पहल, अयोध्या में कैंसर हॉस्पिटल

### 6 एकड़ फ्री ज़मीन देने पर राजघराना सहमत

■ NBT न्यूज, अयोध्या

**राम मंदिर** ट्रस्ट की बैठक में अयोध्या में कैंसर के सस्ते इलाज के लिए समर्पित कैंसर हब हॉस्पिटल के निर्माण को लेकर प्रारंभिक पहल को मूर्त रूप देने का फैसला किया गया है। हॉस्पिटल टाटा समूह की नमो फाउंडेशन फॉर कैंसर संस्था बनवाएगी, जिसमें मंदिर ट्रस्ट भी सहभागी बनेगा। राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन ने बताया कि नमो फाउंडेशन के 6 सदस्यों की टीम सोमवार को अयोध्या पहुंची थी। उसने कई स्थलों का निरीक्षण किया साथ ही मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों और अयोध्या के मंडलीय कमिश्नर राजेश कुमार डीएम निखिल टीकाराम फुंडे के साथ बैठक की, जिसमें 6 एकड़ जमीन की उपलब्धता पर चर्चा की गई। इस सिलसिले में अयोध्या के राजघराने के सदस्य साहित्यकार यतीन्द्र मिश्र से भी वार्ता की गई, जिन्होंने 6 एकड़ जमीन कैंसर हॉस्पिटल के लिए सहमति दी। साथ ही अब मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है तो मंदिर ट्रस्ट का सारा फोकस श्रद्धालुओं की सुविधाओं और मंदिर के प्रबंधन पर रहेगा। मार्च 2026 तक सभी कार्य पूरे होने की उम्मीद है।



## 2 दिन के दौरे पर जॉर्डन पहुंचे PM

### 3 देशों के चार दिवसीय दौरे का पहला पड़ाव है जॉर्डन

■ भाषा, अम्मान

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर जॉर्डन पहुंचे। इस दौरे का उद्देश्य अरब देश के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है। दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का एक विशेष संकेत देते हुए, जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने हवाई अड्डे पर मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, अम्मान पहुंच गया हूं। गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए जॉर्डन के हाशमी साम्राज्य के प्रधानमंत्री जाफर हसन का शुक्रगुजार हूं। मोदी के तीन देशों के चार दिवसीय दौरे का पहला पड़ाव जॉर्डन है। इसके बाद वह इथियोपिया और ओमान भी जाएंगे।

जॉर्डन के प्रधानमंत्री ने एक पोस्ट में कहा, आज जॉर्डन में भारत के प्रधानमंत्री मोदी का एक सम्मानित अतिथि के रूप में स्वागत करना हमारे लिए सम्मान की बात है। यह यात्रा हमारे 75 वर्षों के घनिष्ठ और स्थायी संबंधों को दर्शाती है।

जब मोदी होटल पहुंचे, तो भारतीय समुदाय के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने लोगों से हाथ मिलाया और बातचीत की।

यकीन है यह यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देगी। -नरेन्द्र मोदी



जॉर्डन के PM जाफर हसन ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

## अमेरिका से डील को अंतिम रूप देने के बेहद करीब: कॉमर्स सेक्रेटरी

■ भाषा, नई दिल्ली

**भारत के** कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और अमेरिका अपने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के 'बेहद करीब' हैं। दोनों देश इस मामले में सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। अमेरिका के नए उप व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर, अग्रवाल के साथ व्यापार वार्ता करने के लिए पिछले हफ्ते यहां पहुंचे थे। स्विट्जर की यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों पर गौर किया और समझौते की बातचीत की प्रगति की समीक्षा की।

अग्रवाल ने कहा, 'हम समझौते की रूपरेखा तैयार करने के बेहद करीब हैं, जिसे हम मानते हैं कि कम समय में पूरा किया जा सकता है। हालांकि मैं इसके लिए कोई समय सीमा नहीं बताना चाहूंगा।' उन्होंने कहा कि अंतिम चरण की वार्ता में आमतौर पर ऐसे दौर की आवश्यकता नहीं होती है। औपचारिक दौर न हो लेकिन समापन के करीब पहुंचने तक भौतिक रूप से एवं ऑनलाइन जरियों से बैठकें होंगी।



### एस. जयशंकर का इस्राइल दौरा आज से

■ भाषा, यरूशलम: विदेश मंत्री एस. जयशंकर मंगलवार को इस्राइल पहुंचेंगे, जहां वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। जयशंकर अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे और अपने समकक्ष गिदोन सार के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, चर्चा द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर केंद्रित होगी ताकि दोनों देशों की साझेदारी को गहरा किया जा सके।

## सड़क हादसे रोकने के लिए देशभर में लागू होने वाले नियमों पर विचार

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए देशभर में लागू होने वाले दिशा-निर्देश तैयार करने पर विचार किया। जस्टिस महेश्वरी ने कहा कि अदालत मौजूदा प्रावधानों में मौजूद खामियों को भरने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश बनाना चाहती है, ताकि फलोदी जैसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। बेंच ने राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर अवैध रूप से बने ढाबों को सड़क दुर्घटनाओं का एक संभावित कारण बताया।

10 नवंबर को फलोदी हादसे से जुड़े मामले में SC ने संज्ञान लिया था।

अदालत ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से इन अवैध ढाबों और भोजनालयों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने से संबंधित वैधानिक नियमों और रेगुलेशन को पेश करने को कहा। अदालत ने यह भी जानना चाहा कि अब तक क्या कार्रवाई की गई है, कौन-सा प्राधिकरण इसे शुरू करने का जिम्मेदार है और कौन-कौन से निकाय इन प्रावधानों को लागू नहीं कर रहे हैं।

जस्टिस विश्नोई ने माना कि सर्विस रोड होते हैं, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि यह हर एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा कि बीच-बीच में अवैध ढाबे और छोटे भोजनालय उभर आते हैं, जहां अधिकांश दुर्घटनाएं होती हैं। बेंच ने कहा कि एनएचएआई की रिपोर्ट में राजमार्गों पर अतिक्रमण के लिए स्थानीय ठेकेदारों या प्रशासन को दोषी ठहराने का प्रयास किया गया है, लेकिन अदालत यह जानना चाहती है कि कानून के तहत कौन-सा प्राधिकरण यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है कि ऐसे भोजनालय न बनें।

10 नवंबर को अदालत ने फलोदी दुर्घटना से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने खुद संज्ञान लिया था। इस हादसे में 2 नवंबर को एक टेंपो के खड़े ट्रेलर ट्रक से टकराने से 15 लोगों की मौत हो गई थी।



### कोर्ट का आदेश

अदालत ने आदेश दिया कि कोर्ट सलाहकार और सॉलिसिटर जनरल के बीच हुई चर्चा के बाद उनके सुलझाए गए मुद्दे, जो दिशा-निर्देश जारी करने में सहायक हो सकते हैं, उसे भी पेश किए जाएं। इस बीच, पक्षकार गूगल इमेज साझा करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो वास्तविक समस्या के समाधान में सहायक हो सकती हैं।

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 बिहार बीजेपी का नया अध्यक्ष किसे चुना गया है?
A. संजय सरावगी B. नितिन नवीन C. दिलीप जायसवाल

2 नए VB-G RAM G बिल के तहत ग्रामीण परिवारों को हर साल कितने दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी का प्रस्ताव है?
A. 110 B. 120 C. 125

3 इनमें से कौन चिली के नए राष्ट्रपति चुने गए हैं?
A. गेब्रियल बोरिक B. जोसे एंटोनियो कास्ट C. मिशेल बाचेलेट

4 इनमें से किसको मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया है?
A. राज कुमार गोयल B. जोसे एंटोनियो कास्ट C. राहुल गोयल

5 NIA ने पहलगाम हमले पर चार्जशीट दाखिल की है, यह हमला किस तारीख को हुआ था?
A. 21 अप्रैल B. 22 अप्रैल C. 23 अप्रैल

कल के जवाब

A1 B. नितिन नवीन A2 C. यहूदी समुदाय A3 B. मैत्रेयी पुष्पा A4 A. प्रणय वर्मा A5 A. राजस्थान

लकी विनर्स



1. रंजना श्रीवास्तव, दिल्ली
2. दीपक कुमार गुप्ता, दिल्ली
3. सुभाष बाघवा, गुड़गांव

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## हॉलिवुड डायरेक्टर रॉब रेनर, उनकी पत्नी के शव घर में मिले, पुलिस ने मर्डर का दावा किया

■ पीटीआई, मुंबई

**मशहूर अमेरिकी** डायरेक्टर और ऐक्टर रॉब रेनर और उनकी पत्नी मिशेल के शव लॉस ऐंजिलिस के उनके घर में मिले। अधिकारियों ने बताया है कि दोनों के शरीर पर चाकू के घाव हैं। इस मामले में पुलिस परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। लॉस ऐंजिलिस फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, उनके पास दोपहर करीब 3:30 बजे मेडिकल इमरजेंसी के लिए कॉल आई। जब टीम मौके पर पहुंची, तो रॉब और मिशेल को मृत पाया गया।

शरीर पर चाकू के घाव मिले, 4 गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड मिले थे रॉब रेनर को



### सबसे चर्चित डायरेक्टर्स में से एक

रॉब रेनर सिर्फ एक अभिनेता ही नहीं थे, बल्कि हॉलिवुड के सबसे चर्चित डायरेक्टर्स में से एक भी थे। उनका जन्म 6 मार्च 1947 को न्यू यॉर्क में हुआ था। फिल्म और ऐक्टिंग की दुनिया से जुड़ाव उनके बचपन से ही रहा। रॉब ने अपने करियर की शुरुआत ऐक्टिंग से की और टीवी सीरियल 'ऑल इन द फैमिली' के लिए उन्हें पॉपुलैरिटी मिली। इस शो में उन्होंने मीटहेड का किरदार निभाया, जिसने उन्हें घर-घर में लोकप्रिय बना दिया। इसके बाद रॉब ने डायरेक्शन में कदम रखा और हॉलिवुड में अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने कई यादगार फिल्में बनाईं, जिनमें 'दिस इज स्पाइनल टैप', 'स्टैंड बाय मी', 'द प्रिंसेस ब्राइड', 'व्हैन हैरी मेट सैली' और 'अ फ्यू गुड मैन' शामिल हैं।

## सेमीकंडक्टर मिशन में भारत की बड़ी सफलता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत ने सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देश ने DHRUV64 के नाम से अपना पहला 1.0 गीगाहर्ट्ज (GHz) माइक्रोप्रोसेसर तैयार कर लिया है। यह कदम भारत को चिप डिजाइन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ी प्रगति माना जा रहा है। इस माइक्रोप्रोसेसर का उपयोग 5G इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोटिव सिस्टम और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे अहम क्षेत्रों में किया जा सकेगा।

बना पहला स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर DHRUV64

# परिवार के आठ लोगों की हत्या का था इल्ज़ाम, रिहाई जल्द

## विधायक हत्याकांड में दोषी दामाद संजीव को अंतरिम ज़मानत

■ NBT न्यूज,करनाल

हरियाणा के पूर्व विधायक रेलूराम पूनिया हत्याकांड में अपने ही परिवार के 8 लोगों को बेरहमी से मौत के घाट उतारने की दोषी 43 वर्षीय सोनिया को हाईकोर्ट से जल्द राहत मिल सकती है, जबकि इसके पति संजीव को 13 दिसंबर की शाम को अंतरिम जमानत मिल चुकी है। करनाल की जेल में बंद इस शातिर अपराधी महिला पर अलग-अलग जिलों में दर्ज कई मामलों की सुनवाई पूरी हो चुकी है, जिनमें से अधिकांश में उसे राहत मिल चुकी है। अब इसकी अंतरिम जमानत हो सकती है, यह दावा इसके पति संजीव की वकील द्वारा किया गया है। वहीं अगर सोनिया के रिकॉर्ड पर नजर डाली जाए, तो यह पढ़ी-लिखी और ग्रेजुएट है। करनाल जेल लेडीज वार्ड 1-बी में रखा गया है और जेल में इसको कोई काम नहीं दिया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोनिया के खिलाफ करनाल, अंबाला, कुरुक्षेत्र और हिसार में अलग-अलग समय पर मामले दर्ज हुए। करनाल के राम नगर, अंबाला के बलदेव नगर और कुरुक्षेत्र के थानेसर सिटी में दर्ज मामलों में अदालतों से उसे बरी किया जा चुका है। इन मामलों में धोखाधड़ी, मारपीट और अन्य गंभीर आरोप शामिल थे। हालांकि हिसार के उकलाना क्षेत्र में दर्ज गंभीर मामले में कोर्ट ने सोनिया को दोषी करार दिया था। मामले में हत्या, साजिश, नशीले पदार्थ और हथियारों से जुड़े आरोप थे, जिसमें उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

वहीं हत्या का दोषी संजीव 18 अप्रैल 2023 से करनाल जिला जेल में बंद था। उन्हें गुरुग्राम जेल से ट्रांसफर कर करनाल जिला जेल लाया गया था।



सोनिया को करनाल जेल लेडीज वार्ड 1-बी में रखा गया

- हत्या का दोषी संजीव 18 अप्रैल 2023 से करनाल जिला जेल में बंद था।

### सोनिया का संपत्ति पर दावा कमजोर

हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 25 के तहत हत्यारा उत्तराधिकारी नहीं बन सकता। विशेषज्ञों का मानना है कि हत्या के कारण सोनिया का संपत्ति पर दावा कमजोर है। संजीव व सोनिया के बीच भारी मनमुटाव चल रहा है। सोनिया के ससुराल वालों ने उसकी जमानत मामले में किसी प्रकार की कोई मदद नहीं की है। सोनिया को मायके से पहले ही संबंध टूट चुका है।

# हिसार और सिरसा में धुंध से कई गाड़ियां भिड़ीं



■ NBT न्यूज, हिसार : हिसार और सिरसा में सोमवार को घने कोहरे से कई गाड़ियां एक के बाद एक आपस में भिड़ गईं। हिसार में एनएच 9 पर कार डंपर में घुस गई। सोमवार की सुबह यहां विजिबिलिटी 5 से लेकर 10 मीटर तक ही रही। सिरसा जिले के गांव पंजुआना के पास कोहरे के कारण हरियाणा रोडवेज, फतेहाबाद पुलिस की गाड़ी, ट्रैक्टर ट्रॉली सहित 5-6 वाहन टकराए। हिसार में सुबह के समय विद्यार्थी और कामगारों को स्कूल-कॉलेज व दफ्तर पहुंचने में परेशानी हुई। कैंट एरिया के सामने कोहरे के कारण रोडवेज बस, पिकअप और कार आपस में टकरा गईं। हादसे में तीन-चार लोगों को मामूली चोटें आईं। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर यातायात सुचारु कराया। वहीं सिरसा में बस सेवाएं प्रभावित रहीं।

# सोनीपत : घने कोहरे में खड़े ट्रक में घुसी कार, एएसआई की मौत

## दूसरे हादसे में डंपर से टकराई बस, कंपनी के कई कर्मचारी घायल

■ NBT न्यूज, सोनीपत

सोनीपत जिले के गोहाना के पास ग्रीन फील्ड हाइवे पर सोमवार को महिला ASI की सड़क हादसे में मौत हो गई। महिला सोनीपत से जींद में अपनी ड्यूटी के लिए जा रही थी। इस दौरान रास्ते में हाइवे पर एक ओवरलोड ट्रक खड़ा हुआ था। घने कोहरे के कारण पुलिसकर्मी को दिखाई नहीं दिया और उनकी कार ट्रक से जा टकराई। वहीं सोनीपत में सोमवार की सुबह केएमपी एक्सप्रेसवे पर कोहरे के चलते एक बस डंपर से टकरा गई। बस में आईएमटी खरखौदा में स्थित मारुति प्लांट के कर्मचारी बैठे थे। हादसे में कई लोग घायल हो गए।

मौके पर स्थानीय राहगीरों द्वारा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला पुलिसकर्मी के शव को कब्जे में लिया। गोहाना के सिविल हॉस्पिटल में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पुलिस परिजनों की शिकायत पर ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई करेगी। पुलिस मामले में जांच कर रही है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाया और यातायात को सुचारू कराया।

परिजनों ने बताया कि सोनीपत जिले में दो दिन से घना कोहरा छाया है। गोहाना में ग्रीन फील्ड हाइवे पर सोमवार को भी घना कोहरा था। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सीमा सोनीपत के मुरथल से जींद में कोर्ट कम्प्लेक्स चौकी जा रही थी। वह वहां बतौर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर कार्यरत थीं।

पुलिस के अनुसार असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर सीमा सोनीपत के गांव मुरथल की रहने वाली थीं। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।





पुलिसकर्मी सीमा सोनीपत से जींद ड्यूटी के लिए जा रही थीं। रास्ते में हाइवे पर एक ओवरलोड ट्रक खड़ा हुआ था। घने कोहरे के कारण पुलिसकर्मी को दिखाई नहीं दिया और उनकी कार ट्रक से जा टकराई।

- कार का आधे से ज्यादा हिस्सा ट्रक के नीचे घुसा हुआ मिला है।
- ट्रक में भी जरूरत से ज्यादा सामान भरा था।
- घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए

# कार की ट्रैक्टर ट्रॉली से भिड़ंत, दो की मौत

■ NBT न्यूज,करनाल



करनाल में असंध रोड पर जलमाणा तोषर्ड पैलेस के पास रविवार को तेज रफ्तार फोर्ड फिगो कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार चार लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और आरोपी ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, रविवार खेड़ी सरफली गांव के कुछ लोग कार में सवार होकर अपने घर की ओर जा रहे थे। जैसे ही कार करनाल-असंध रोड पर जलमाणा तोषर्ड पैलेस के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कार को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे लोग बुरी तरह फंस गए। हादसे में जसबीर गुरमीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार लखविंदर और जसवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जलमाणा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को ऐंबुलेंस की मदद से करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर असंध अस्पताल की मॉर्च्युरी में भिजवाया। पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हुई है और दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए

# दो खिलाड़ियों की मौत और किसानों को मुआवज़े पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

## घेराबंदी की रणनीति बनाने के लिए हुड्डा ने बुलाई चंडीगढ़ में बैठक

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र की तैयारी शुरू हो चुकी है। एक तरफ से जहां विधानसभा सचिवालय में सोमवार को बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है वहीं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को चंडीगढ़ में विधायक दल की बैठक बुला ली है। हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से शुरू होगा। हुड्डा द्वारा बुलाई गई बैठक में शीतकालीन सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों की ओर उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। कांग्रेस की ओर से विधानसभा स्पीकर को दो बास्केटबाल खिलाड़ियों की मौत के बाद खेल संसाधनों की सुविधा को लेकर काम रोको प्रस्ताव दिया जा सकता है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आवास पर मंगलवार को दोपहर होने वाली बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी शामिल होंगे। बैठक में कांग्रेस की दिल्ली में हुई महारैली में हरियाणा से जुटाई गई भीड़ की समीक्षा की जाएगी।



हरियाणा चूंकि दिल्ली के सबसे नजदीक है, ऐसे में महारैली में हरियाणा के कांग्रेस नेताओं ने सबसे अधिक भीड़ जुटाई है। बैठक में यह भी तय किया जाएगा कि आने वाले दिनों में अभियान को किस तरह संचालित किया जाना है।

बैठक में खेल सुविधाओं पर बीजेपी सरकार को सदन में घेरने की रणनीति पर चर्चा होगी। रोहतक के हार्दिक और बहादुरगढ़ के अमन की बास्केटबाल के मैदान में प्रैक्टिस के दौरान मौत हो गई थी। यह मुद्दा कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा में भी उठाया और लोकसभा स्पीकर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस सांसदों ने अधिकारियों द्वारा सांसद निधि का समय से उपयोग नहीं किए जाने के आरोप लगाए थे। इसी मुद्दे पर कांग्रेस विधायक सदन में सरकार से सवाल पूछते नजर आएंगे।

कांग्रेस का आरोप है कि करीब साढ़े पांच लाख किसानों में से सिर्फ 60 हजार किसानों को यह मुआवजा राशि दी गई है। हुड्डा राज्य के सभी किसानों को मुआवजा देने की मांग सदन में कर सकते हैं।

- हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से शुरू होगा।
- बैठक में सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों की ओर उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।
- बैठक में दिल्ली में हुई महारैली की समीक्षा की जाएगी।

### 24 विधायकों के 60 सवाल तय

हरियाणा विधानसभा के 18 दिसंबर से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र के प्रश्नकाल के लिए सोमवार को ड्रा निकाले गए। इस दौरान तीन बैठकों के लिए 24 विधायकों के नामों की पर्चियां निकाली गईं। ड्रा के अनुसार इन विधायकों के 60 प्रश्न कार्यवाही में शामिल होंगे। विधान सभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण की देखरेख में हुए ड्रा की पर्चियां विधान सभा अध्यक्ष ने निकालीं। शीतकालीन सत्र के लिए अभी 188 तारांकित और 82 अतारांकित प्रश्नों की सूचना विधान सभा सचिवालय को प्राप्त हुई है। पर 81 तारांकित तथा 30 अतारांकित प्रश्न मंजूर किए गए हैं।

# खंभे से भिड़ी बाइक, हुई मौत, भाई घायल

■ एनबीटी न्यूज,करनाल



करनाल जिले के निसिंग क्षेत्र में सांभली रोड पर रविवार की रात सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक अचानक संतुलन बिगड़ने के बाद सड़क किनारे लगे खंभे से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को निसिंग के अस्पताल पहुंचाया, जहां बाइक राइडर युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर होने पर उसे करनाल के सरकारी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद रविवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया।

जानकारी के अनुसार, रविवार रात आकाश और बाइक पर सवार होकर निसिंग से अपने घर लौट रहे थे। दोनों आपस में चचेरे भाई थे। बाइक आकाश चला रहे थे, जबकि हर्ष पीछे बैठे थे। सांभली रोड पर एक मोड़ के पास अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सीधे सड़क किनारे लगे खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। लोगों ने बिना देर किए दोनों घायलों को निसिंग के अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद आकाश को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल हर्ष को प्राथमिक उपचार देने के बाद हालत गंभीर होने पर करनाल के सरकारी अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

घायल हर्ष ने बताया कि आकाश शीशे का काम करता था। वह निसिंग में किसी रिश्तेदार के घर से शीशे का नाप लेकर लौट रहा था। रास्ते में सांभली रोड पर अचानक बाइक बेकाबू हो गई और खंभे से टकरा गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची।

# अधूरी याचिका पर सुनवाई से इनकार

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने सोमवार को आधी-अधूरी याचिकाओं पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। इनमें ज्यादातर याचिकाएं सरकारी कर्मचारियों ने दायर की गई हैं। मामला एक याचिका से जुड़ा है, जिसमें 137 याचिकाकर्ताओं ने सेवा संबंधी मामला दायर किया था।

हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि याचिकाकर्ताओं का पदनाम और वर्तमान या अंतिम तैनाती स्थल बताए बिना दायर की गई याचिकाओं पर अब सुनवाई नहीं होगी। यह व्यवस्था लागू कर दी गई है। ऐसी याचिकाओं पर हाईकोर्ट रजिस्ट्री औपचारिक रूप से आपत्ति दर्ज करेगी। हाईकोर्ट ने बताया कि यह अनिवार्यता 21 नवंबर को पारित एक न्यायिक आदेश के आधार पर लागू की गई है, जिसे चीफ जस्टिस के आदेश से प्रशासनिक रूप में अमल में लाया गया है।





आदेश में कहा गया है कि सभी सेवा मामलों में याचिकाकर्ताओं का पदनाम और उनका कार्यस्थल या सेवानिवृत्ति की स्थिति में अंतिम तैनाती स्थल पक्षकारों के विवरण में स्पष्ट रूप से दर्ज होना आवश्यक होगा। हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि इन अनिवार्य विवरणों का उल्लेख नहीं किया गया तो याचिका स्वीकार नहीं की जाएगी।

हाई कोर्ट के जस्टिस नमित कुमार ने कहा कि इस तरह की कमियां अक्सर सामने आती हैं। इनके कारण प्रतिवादियों को लिखित बयान दाखिल करने में अनावश्यक देरी होती है। कई मामलों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का केवल आवासीय पता दिया जाता है, जबकि उनके पद और अंतिम तैनाती का कोई उल्लेख नहीं होता।

# पंचायत मंत्री को घुटने में परेशानी, अस्पताल में भर्ती

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार को चलने में परेशानी के कारण मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पंवार को रविवार की देर रात अस्पताल लाया गया। उनके बाएं पैर के घुटने में दिक्कत हो रही है, इससे वह पिछले कुछ दिनों से चल नहीं पा रहे थे। इसके बाद उन्हें रविवार को देर रात पंजाब के मोहाली में फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से डॉ. हरसिमरन और डॉ. आकाश को लेकर एक पैनल बनाया है, जो पंचायत मंत्री के घुटने का ऑपरेशन करेगा। अस्पताल में उनके करीबियों का आना जाना जारी है। ऑपरेशन के चलते पंवार अभी कुछ दिन अस्पताल में ही रहेंगे।



# रेप के दोषी को 30 साल कैद

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : जिला अदालत ने आठ साल की बच्ची के रेप के आरोपी को दोषी करार देते हुए तीस साल की सजा सुनाई है। अदालत ने करीब दो साल की सुनवाई के बाद सोमवार को दोषी मुकेश को सजा सुनाई। जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण को पीड़ित बच्ची को चार लाख रुपए की मुआवजा राशि दिलाने के भी आदेश दिए हैं। पुलिस ने 11 जनवरी 2023 को केस दर्ज किया था। घटना वाले दिन बच्ची अपने घर के पास खेल रही थी। पड़ोस में रहने वाले मुकेश ने दुकान से कुछ सामान लाने के लिए उसे पैसे दिए। फिर बहाने से उसे अपने घर के अंदर बुला लिया। वहां उसने थप्पड़ मारे और फिर रेप किया। इस मामले में पुलिस ने वुमन एंड चाइल्ड हेल्पलाइन की काउंसलर की रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज किया था।



# HC में वकीलों ने काम किया बंद, लोग परेशान

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट में हरियाणा पुलिस के एक जवान और वकील के साथ कथित तौर पर हाथापाई होने के बाद सोमवार को हाईकोर्ट के वकीलों ने वर्क सस्पेंड कर दिया। वकीलों के हड़ताल पर जाने से अदालत का कामकाज प्रभावित हुआ। पंजाब व हरियाणा से आए हुए लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।

हाईकोर्ट में शनिवार और रविवार की छुट्टी होने के कारण सोमवार को बड़ी संख्या में लोग अपने मामलों में गवाही देने, जमानत कराने, हाजिरी लगाने और अन्य केसों के सिलसिले में पहुंचे थे। लेकिन वकीलों के वर्क सस्पेंड करने से अदालतों में पेशी नहीं हो सकी, जिसके चलते दूर-दराज से आए लोगों को बिना काम हुए वापस लौटना पड़ा।

हाई कोर्ट के सीनियर वकीलों के अनुसार उनके एक साथी वकील नयागांव में रहते हैं, जहां उनके साथ हरियाणा पुलिस के एक जवान ने मारपीट की। इस संबंध में शिकायत देने के बावजूद पंजाब पुलिस की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित वकील को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर ही वकीलों ने वर्क सस्पेंड का फैसला लिया है। वकीलों ने मामले में दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। हाई कोर्ट के वकील से मारपीट के मामले में जब नयागांव थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतनाम सिंह से बात की गई, तो उन्होंने कहा जांच रिपोर्ट के आधार पर ही कार्रवाई की जाएगी।



वकीलों के वर्क सस्पेंड करने से अदालतों में पेशी नहीं हो सकी। लोग निराश होकर लौटे

# 950 महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती को हरी झंडी

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिला पुलिसकर्मियों की संख्या को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत तक करने की घोषणा की है। विभाग में 5750 पुलिसकर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया जारी है जिसमें से 950 महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती शामिल है। सरकार ने पुलिस विभाग को 550 अतिरिक्त महिला कांस्टेबल की भर्ती की स्वीकृति भी दे दी है।

सैनी ने कहा कि समय के साथ-साथ पुलिस का एडवांस तकनीक से अपडेट रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रदेश में अपराध की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए भी आवश्यक हिदायतें दी हैं। उन्होंने सोमवार को पंचकूला में 'विकसित भारत-सुरक्षा आयाम' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सुरक्षा सम्मेलन की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हरियाणा पुलिस ने इंटरस्टेट गैंग्स, नशा तस्करों व साइबर अपराध के खिलाफ सफलता प्राप्त की है। ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन में 12 दिनों में 2 हजार से अधिक अपराधी गिरफ्तार किये गये। ऑपरेशन ट्रैक टाउन में 7 हजार 587 अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है।

TIMES inter act

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

आम जानकारी के लिए, मैं, शालू पत्नी पत्नी विक्की हसीजा, निवासी मकान नंबर -88/28, गली नंबर 10, ज्योति पार्क गुरुग्राम, पोस्ट ऑफिस गुरुग्राम, जिला गुरुग्राम, हरियाणा-122001, यह बताती हूँ कि मैंने अपने 8 साल के नाबालिग बेटे शिव हसीजा का नाम बदल दिया है और अब से उसे भव्य हसीजा के नाम से जाना जाएगा।

I Rachel Neeraj Davvid D/o Neeraj Davvid R/o C-108, Near Huda Market Sushant Lok Phase 2, Gurugram HR 122011, have changed my name from Rachel Davvid to Rachel Neeraj Davvid for all future purposes.

मैं, खुशाल कादयान पुत्र Mahender Singh Kadyan निवासी मकान नंबर बी/2, अशोक विहार फेज -3, गुरुग्राम। मैंने भविष्य के सभी कार्यों के लिए अपना नाम खुशाल पुत्र महेन्द्र सिंह से बदलकर खुशाल कादयान पुत्र Mahender Singh Kadyan रख लिया है।

I, Devansh Kumar S/o Sh. Naresh Kumar R/o H.No. 227, VPO Dahina, Distt. Rewari (HR) declare that in my LIC Policy (No. 102861106) my name written is Iushar Singh and in Bank Account & other documents my name written is Devansh Kumar. Devansh Kumar and Iushar Singh are mine & one person names.

I, Priyanka W/o Sh. Sachin Kumar Yadav R/o Galaxy Homes, Sector-26 Rewari, Distt. Rewari (HR) have changed my name from Priyanka to Priyanka Yadav for all future purposes.

I, Mahesh Rana S/o Sh. Anand Parkash Rana R/o H.No. 364, main Palam Vihar Road, Bijwasan South West Delhi - 110061 have changed my and my father's name from Mahesh Ranna S/o Sh. Anand Parkash Ranna to Mahesh Rana S/o Sh. Anand Parkash Rana for all future purposes.

खोया एवं पाया

मैं, नरेन्द्र अरोड़ा पुत्र धर्म पाल अरोड़ा निवासी ई-8, ब्लाक -ई, ग्रीनवुड सिटी, सेक्टर -46, गुरुग्राम। मैं, ई-8, ग्रीनवुड सिटी ई ब्लाक सेक्टर -46, गुरुग्राम का मालिक हूं का ओरिजनल बिल्डर बायर्स एग्रीमेंट जो कि राजस्थानी बंसल पत्नी स्वर्गीय श्री के.के. बंसल के नाम है, कहीं गुम हो गया है। मिले तो उपरोक्त पते पर या 9958869567 पर संपर्क करें।

I Asha Devi W/o Singshwag R/o H.No 1739/29, Gali No 11, Surat Nagar Phase 1 Gurgaon 122001 have lost my original Sale Deed 4222 Dt 17-07-2000 of H.No 2583 Surat Nagar Gurugram HR in somewhere Surat Nagar. If anybody found please return and contact on 9555683747.

मैं, सुनील चावला पुत्र शेखर चन्द चावला निवासी 1102, सेक्टर -14, गुरुग्राम। मेरा ओरिजनल अलाटमेंट लैटर जो कि अपार्टमेंट नम्बर 1102, ब्लाक -सी, पार्क व्यू सिटी -2, सोहना रोड, सेक्टर -49, गुरुग्राम की है कहीं गुम हो गया है। मिले तो उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

I Virinda Vohra D/o Late Sh Jagdish Kumar Duggal R/o H.No D-5/20, DLF City PH-1, Gurugram HR, have lost my original Property Papers i.e. Allotment Letter & Conveyance Deed of H.No 852, Sector 14, Gurugram HR somewhere in DLF PH-1. If anybody found please return and contact on. 9810667743

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



3rd Death Anniversary

MISS RENU SINHA

16.12.2022

D/o Lt. Sh. & Smt. Paras Nath Sinha. People will forget, what U said & what U did. But peoples will never forget, how U made them feel, during many lives U touched at Jeewan Vigyaan Academy & The Heritage, when you alive. Remember : Sanjay (Brother), Batuk (Nephew) and Others.

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
| --- | --- |
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call

Vinod: 9958992088

Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
| --- | --- |
| The Times of India Delhi/ NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 33 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

For any information call

Vinod : 9958992088

Pankaj : 8130604727

# पशु मेले में पंजाब से पहुंचा 1 करोड़ का सफेद घोड़ा

■ NBT न्यूज,कुरुक्षेत्र

हरियाणा में कुरुक्षेत्र के पिहोवा पशु मेले में 1 करोड़ का घोड़ा पहुंचा है। यह घोड़ा पंजाब के संगरूर से लाया गया है। मारवाड़ी नस्ल के नुकरे घोड़े का नाम प्रताप रूप है, जो सिर से पैर तक पूरी तरह सफेद है। घोड़े की उम्र 28 महीने की है और यह 67 इंच ऊंचा है। इसकी कीमत सुनकर पशु मेले में आए पशुपालक भी हैरान हैं। लोग घोड़े के साथ फोटो खिंचवाने आ रहे हैं। घोड़े के मालिक मालिक सरपंच हरप्रीत सिंह और उनके पिता निर्भय सिंह ने बताया कि इसकी 1 करोड़ रुपए तक की कीमत लग चुकी है। मगर, उन्होंने इसे नहीं बेचा। घोड़े को 3 टाइम अलग-अलग डाइट दी जाती है। सर्दियों में उसे दूध में बादाम उबालकर दिए जाते हैं। इसके अलावा नहलाकर एक घंटे तेल मालिश की जाती है।



हरप्रीत सिंह ने बताया कि प्रताप रूप को 3 टाइम अलग-अलग खाना खिलाते हैं। सुबह के समय प्रताप को 2 से 3 किलो काले चने दिए जाते हैं। 11 बजे उसे फॉर्म में घुमाने के लिए लेकर जाते हैं। दोपहर को फॉर्म में उसे खुला रखते हैं, जहां वो घास चरता है। शाम को प्रताप रूप को घर लाकर दूध पिलाते हैं। दूध में बादाम को डालकर उबालकर दिया जाता है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: cci Time: 12-15-2025 22:04 Color:



## मेसी ने स्पेनिश में किया दोबारा मिलने का वादा

# 'ग्रासियस दिल्ली, जल्द मिलते हैं...'

Photos: Sunil Kataria, PTI

Rupesh.Singh@timesofindia.com

■ NBT स्पोर्ट्स, नई दिल्ली: लियोनेल मेसी के बहुप्रतीक्षित 'GOAT इंडिया टूर' की शुरुआत भले ही अव्यवस्थित ढंग से हुई हो लेकिन इसका समापन दिल्ली में शानदार तरीके से हुआ। खराब मौसम ने मेसी की उड़ान में हुई देरी ने उनकी झलक पाने के लिए दोपहर से स्टेडियम में बैठे फैंस का इंतजार बढ़ाया। मेसी ने स्पेनिश भाषा में अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा, 'ग्रासियस दिल्ली! हास्ता प्रोंतो (धन्यवाद दिल्ली, जल्द मिलते हैं)'। स्टेडियम में मौजूद अधिकांश लोग स्पेनिश भाषा को नहीं समझते थे लेकिन इसके बावजूद मेसी के इन शब्दों ने दर्शकों में एक ऐसी ललक और उत्साह पैदा कर दिया जो पहले शायद ही कभी देखा गया हो।

**मेसी के शोर में डूबा क्रिकेट स्टेडियम:** आज तक जो स्टेडियम अपने क्रिकेट स्टार्स के नारों से महकता रहा था वह अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम मेसी..मेसी के शोर में डूबा रहा। मेसी का दीदार करने उमड़ी हजारों की भीड़ के साथ ही मैदान के अंदर मौजूद कुछ भारतीय हस्तियां और गणमान्य व्यक्ति फुटबॉल के मौजूदा दौर के सबसे बड़े सितारे की मेजबानी के उत्साह में सराबोर थे।

**लोगों ने देखी लेफ्ट फुट की ताकत:** स्टेडियम पहुंचने के बाद मेसी ने फुटबॉल जर्सी में वहां मौजूद जूनियर फुटबॉलर्स के साथ कुछ वक्त गुजारा और फिर स्टेडियम का चक्कर लगाने लगे। मेसी और इंटर मियामी टीम उनके साथी लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल ने स्टेडियम का चक्कर लगाते-लगाते कुल 12 बॉल दर्शकों की तरफ दागे। उनके एक किक पर जब गेंद स्टेडियम के दूसरे टीयर पर चली गई तो लोग उनके लेफ्ट फुट की ताकत देख दंग रह गए। मेसी ने खिलाड़ियों के मैच को भी देखा और बच्चों के साथ थोड़ी देर फुटबॉल भी खेली। मेसी ने इस दौरान मिनर्वा अकैडमी फुटबॉल टीम का भी सम्मान किया। मेसी करीब 30 मिनट मैदान पर मौजूद रहे, लेकिन यह तय है कि उनके ये 30 मिनट दिल्ली के क्रिकेट/फुटबॉल फैंस के जहन में ताउम्र ताजा रहेंगे।



**क्रिकेट स्टेडियम में फुटबॉल का जादू:** स्टेडियम के आसपास की सड़कें मानो फुटबॉल फेस्टिवल में बदल गई हों। बच्चों से लेकर युवा और बड़े सबकी आंखें अर्जेंटीना के इस महान खिलाड़ी के इंतजार में थीं।



मेसी करीब 30 मिनट मैदान पर मौजूद रहे और इस बीच उन्होंने कुल 12 बॉल दर्शकों की तरफ दागे



CM रेखा गुप्ता, ICC चेयरमैन जय शाह ने क्रिकेट बैट देकर किया मेसी का स्वागत



**जाम से परेशानी:** स्टेडियम के अंदर मेसी का कार्यक्रम खत्म होने के बाद दर्शकों के बाहर निकलते ही सड़कों पर भारी भीड़ जमा हो गई।

## मेसी के दीवाने लोगों की भीड़, लगा कई जगह जाम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली NCR में रहने वाले लोग अपने चहेते फुटबॉलर लियोनेल मेसी की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में फिरोजशाह कोटला ग्राउंड में अरुण जेटली स्टेडियम पहुंच गए। भीड़ की वजह से दोपहर बाद से देर शाम तक दिल्ली गेट, कोटला ग्राउंड के आसपास की सड़कों के साथ आईटीओ और राजघाट इलाके में ट्रैफिक की रफ्तार थम सी गई। ट्रैफिक पुलिस ने पहले से ही कई सड़कों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू कर रखा था और कुछ रास्तों पर गाड़ियों की एंट्री बंद की गई थी। स्टेडियम के अंदर कार्यक्रम खत्म होने के बाद दर्शकों के बाहर निकलते ही हालात और भी खराब हो गए। पार्किंग तक पहुंचने के बाद लोगों को काफी देर तक अपनी गाड़ियों में ही बैठकर इंतजार करना पड़ा। मेसी के कार्यक्रम के चलते सोमवार शाम वायलेट लाइन के दिल्ली गेट और ITO मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यात्रियों को काफी देर तक कतार में खड़ा रहना पड़ा।



## मेसी का जुनून, फैन्स का हुजूम

Abhishek.Gautam1@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुबह अभी पूरी तरह से हुई भी नहीं थी, लेकिन दिल्ली की सड़कों पर जोश पूरी तरह जाग चुका था। हर तरफ एक ही नाम मेसी मेसी मेसी। अरुण जेटली स्टेडियम के बाहर सुबह से फैंस का हुजूम लगना शुरू हो गया है। कोई खुद की गाड़ी से पहुंचा तो कोई मेट्रो के जरिए। जोश का पारा इतना हाई था कि स्टेडियम के आसपास की सड़कें मानो फुटबॉल फेस्टिवल में बदल गई हों। कोई हाथों में पोस्टर लेकर पहुंचा तो कोई मेसी के नंबर-10 वाली टी-शर्ट पहने पहुंचा।

लियोनेल मेसी 'GOAT टूर इंडिया 2025' के आखिरी चरण में सोमवार को दिल्ली पहुंचे। उनकी एक झलक के लिए सुबह से ही अरुण जेटली स्टेडियम में फैंस की कतारें लग गई थीं। स्थिति यह थी कि कोई डीटीसी की बस से कई किलोमीटर दूर से आया तो कोई फ्लाइट से एक दिन पहले ही दिल्ली पहुंच गया। मणिपुर से आए गुलशन ने बताया कि वह मेसी के बहुत बड़े फैन हैं। उनकी एक झलक के लिए वह मणिपुर से बाकायदा फ्लाइट लेकर दिल्ली पहुंचे। वह अपने दोस्त के साथ आए। उन्होंने बताया कि मेसी को देखने के लिए करीब 40 हजार रुपये खर्च किए हैं। रोहिणी के रहने वाले लव की उम्र 15 साल है। वह फुटबॉल प्लेयर हैं। उन्होंने बताया कि वह मेसी को देखने के लिए स्कूल और ट्यूशन से बंक मारा है।



मेसी की एक झलक के लिए सुबह से ही स्टेडियम के बाहर लगी फैंस की कतारें

### स्टेडियम के बाहर ब्लैक में खूब बिके टिकट

*मेसी को देखने के लिए हर उम्र के लोग उत्साहित नजर आए, लेकिन कई ऐसे लोग भी स्टेडियम पहुंचे, जिनके पास टिकट नहीं था। फिर भी उनका जोश कम नहीं था। इस दौरान स्टेडियम के बाहर कई लोग ब्लैक में टिकट बेचते हुए भी नजर आए। रोहिणी के लव बताते हैं कि उनके पास कई लोग आए जो ब्लैक में टिकट की कीमत 2000 से 3000 रुपये बता रहे थे।*

## गृह विभाग ने खाद विक्रेताओं के डेटा जुटाने को कहा



लाल किला ब्लास्ट : पटियाला हाउस कोर्ट में स्थित अदालत ने दो आरोपियों की रिमांड बढ़ाई

- लाल किला ब्लास्ट के बाद विकास विभाग को दिए आदेश
- खाद के निर्माण में रसायनों में अमोनियम नाइट्रेट भी शामिल है, जो एक संवेदनशील रसायन माना जाता है। लाल किला ब्लास्ट में इसका इस्तेमाल हुआ था

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**लाल किला** के पास हुए विस्फोट के बाद दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाए हैं। दिल्ली सरकार के गृह विभाग ने विकास विभाग के कृषि विंग को राजधानी में लाइसेंस प्राप्त सभी कृषि खाद विक्रेताओं की जानकारी जुटाने के आदेश दिए हैं। यह कदम कृषि खाद की बिक्री, भंडारण और उपयोग के डेटा-आधारित निगरानी को लेकर उठाया गया है।

दरअसल कृषि खाद के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कई रसायनों में अमोनियम नाइट्रेट भी शामिल है, जो एक संवेदनशील रसायन माना जाता है। लाल किला ब्लास्ट में इसका इस्तेमाल हुआ था। ब्लास्ट के बाद दिल्ली के LG वी.के. सक्सेना ने भी अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि एक तय सीमा से अधिक मात्रा में अमोनियम नाइट्रेट की खरीद-बिक्री करने वाली सभी इकाइयों का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए। इस रिकॉर्ड में संबंधित संस्थाओं की तस्वीरें और अन्य जरूरी जानकारियां भी शामिल होंगी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एकत्र किया गया यह डेटा भविष्य में सार्वजनिक सुरक्षा के हित में ठोस कदम उठाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। अधिकारी के अनुसार, डेटा का किस तरह उपयोग किया जाएगा, यह पूरी रिपोर्ट आने के बाद किया जाएगा। इस पहल को सार्वजनिक सुरक्षा के लिहाज से अहम माना जा रहा है, क्योंकि इससे खतरनाक रसायनों के दुरुपयोग की शुरुआती स्तर पर पहचान कर उसे रोका जा सकेगा।

**लाल किला ब्लास्ट:** जांच एजेंसी ने सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शोएब को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। एनआईए ने नसीर की सात दिन की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद उसे अदालत में पेश किया गया।

## 17 साल बाद कृषि भूमि का सर्किल रेट आठ गुना बढ़ाने जा रही सरकार



Brijesh.singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: दिल्ली सरकार 17 साल बाद कृषि भूमि (एग्रीकल्चर लैंड) के सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी में है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, बीते दिनों इसे लेकर एक बैठक भी हो चुकी है। सब कुछ ठीक रहा तो कृषि भूमि का सर्किल रेट मौजूदा दरों से आठ गुना तक बढ़ाया जा सकता है। इससे जमीन की दरें पांच करोड़ रुपये प्रति एकड़ तक पहुंच सकती हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार हाल ही में एग्रीकल्चर लैंड की सर्किल रेट को लेकर जो प्रस्ताव तैयार किया गया है, उसमें पूरी दिल्ली के गांवों के लिए एक समान सर्किल रेट लागू करने का प्रस्ताव नहीं है। गांवों और इलाकों के हिसाब से भूमि के सर्किल रेट अलग-अलग होंगे। यह दर अधिकतम 5 करोड़ रुपये प्रति एकड़ तक हो सकती है। जिन एग्रीकल्चर लैंड पर अब आवासीय इलाके बस चुके हैं, वहां सर्किल रेट अपेक्षाकृत कम रखे जाएंगे। प्रस्ताव में इस बार सर्किल रेट बढ़ाने के साथ-साथ एक निश्चित समय अंतराल के बाद उसमें कुछ प्रतिशत बढ़ोतरी के भी प्रावधान का सुझाव है, जिससे नई दरों के लिए 17 साल तक इंतजार न करना पड़े। राजस्व विभाग के एक अनुमान के मुताबिक, दिल्ली के 200 से अधिक गांवों में आज भी 50 हजार एकड़ से अधिक कृषि भूमि है, जिस पर किसान खेती करते हैं। वर्तमान में दिल्ली में कृषि भूमि का सर्किल रेट 53 लाख रुपये प्रति एकड़ है।

### तैयार किया प्रस्ताव

- राजस्व विभाग ने कृषि संगठनों, किसानों समेत अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक के बाद तैयार किया प्रस्ताव
- पांच करोड़ रुपये प्रति एकड़ तक पहुंच सकती है जमीन की दरें, अभी है 53 लाख
- गांवों के हिसाब से जमीन के सर्किल रेट अलग-अलग होंगे
- 50,000 एकड़ से अधिक जमीन पर दिल्ली में अभी हो रही खेती

### खेती वाले गांव

तिगीपुर, खामपुर, हमिदपुर, झांगोला, बांकनेर, भोरगढ़, लामपुर, बख्तावरपुर, दरियापुर कलां, नजफगढ़, बिजवासन, ढिचाऊं कलां समेत अन्य गांव।

## झाग से घिरी यमुना, परिंदों का ठिकाना उजड़ा

### जनवरी में होने वाले एशियन वॉटरबर्ड सेंसस-2026 के दौरान पक्षी दिखने की उम्मीदें कम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**यमुना में** झाग और प्रदूषण की स्थिति के चलते इस समय यहां नजर आने वाले पक्षियों की संख्या काफी कम है। हालात ऐसे हैं कि हर जनवरी में होने वाले एशियन वॉटरबर्ड सेंसस (एडब्ल्यूसी)-2026 में भी पक्षियों के बढ़ने की संभावना कम लग रही है। इसे लेकर पक्षी प्रेमियों और इकोलॉजिस्ट्स में चिंता दिखाई दे रही है।

**नवंबर-दिसंबर में भी प्रवासी पक्षियों की चहचहाहट नहीं**

दिल्ली में 22 किलोमीटर लंबी यमुना बहती है। किसी समय सर्दियों में मीलों दूर से सफर कर आने वाले विदेशी पक्षी यहां ठहरते थे। इकोलॉजिस्ट टी.के. रॉय के अनुसार, इस समय यमुना सबसे प्रदूषित नदी बन चुकी है। कई नालों से नदी में सीवर का पानी जा रहा है। लोग भी बड़ी मात्रा में कूड़ा डाल रहे हैं। मानवीय दखल की वजह से रिवर बेड सूख चुका है और उसपर अवैध खेती हो रही है। इस साल अच्छी बारिश हुई, लेकिन मॉनसून के देर से जाने के कारण सर्दियां भी देर से शुरू हुईं। इस समय यमुना में विदेशी पक्षियों की संख्या बेहद कम है।

टी.के. रॉय ने बताया कि आम तौर पर नवंबर और दिसंबर में नदी विदेशी पक्षियों से भरी रहती है, लेकिन इस सीजन में यह संख्या काफी घट गई है। एडब्ल्यूसी के दिल्ली स्टेट कोऑर्डिनेटर टी.के. रॉय ने कहा कि जनवरी में भी स्थिति में खास बदलाव की उम्मीद नहीं है। एशियन वॉटरबर्ड सेंसस-2026 जनवरी में होना है, लेकिन पक्षियों की संख्या यहां काफी कम है। यह सेंसस पूरे एशिया में जनवरी में किया जाता है, जिसमें जलीय पक्षियों और उनकी प्रजातियों को रिकॉर्ड किया जाता है।

यमुना दिल्ली में वजीराबाद बैराज से आती है और ओखला बैराज से यूपी में दाखिल होती है। वजीराबाद और ओखला बैराज में गंदा सफेद झाग पानी की सतह पर बहता नजर आता है। इसके अलावा, यमुना के आसपास नहाना, नाव से मछली पकड़ना जैसी गतिविधियों से भी पक्षी डिस्टर्ब हो रहे हैं।



### रेजिडेंट बर्ड्स

रेजिडेंट पक्षियों में ग्रे हेरॉन, लिटिल कॉरमोरेंट, ब्लैक-विंग्ड स्टिल्ट, भारतीय पोंड हेरॉन, रिवर लैपविंग, व्हाइट-ब्रेस्टेड किंगफिशर, ईग्रेट्स और रेड-वॉटल्ड लैपविंग कम संख्या में दिख रहे हैं।

### विदेशी पक्षी

विदेशी पक्षियों में ब्लैक-हेडेड गुल, ग्रेट कॉरमोरेंट, कॉमन सैंडपाइपर और येलो वागटेल नजर आ रहे हैं।

## दो जगहों पर डिवेलप होंगे सिटी फॉरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली के मुखमेलपुर और साउथ-वेस्ट दिल्ली के खरखरी जटमाल में सिटी फॉरेस्ट डिवेलप करने का प्लान बनाया गया है। करीब 2.76 करोड़ की लागत से दोनों जगहों पर सिटी फॉरेस्ट डिवेलप किए जाएंगे, ताकि पर्यावरण संरक्षण भी हो सके और आसपास रहने वाले लोगों को घूमने के लिए एक बेहतर जगह मिले।

सिंचाई और बाढ़ विभाग इंजीनियरों के अनुसार, जिस तरह से गाजियाबाद और नोएडा में कुछ जगहों पर छोटे-छोटे एरिया में लोगों के घूमने, टहलने और टूरिज्म के लिए सिटी फॉरेस्ट डिवेलप किए गए हैं, उसी तरह से दिल्ली में भी सिटी फॉरेस्ट बनाने का प्लान बनाया गया है। नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली स्थित अलीपुर के पास मुखमेलपुर और साउथ-वेस्ट दिल्ली स्थित नजफगढ़ के पास खरखरी जटमाल में सिटी फॉरेस्ट डिवेलप किए जाएंगे। मुखमेलपुर में सिटी फॉरेस्ट डिवेलप करने पर 1.29 करोड़ और खरखरी जटमाल गांव के पास 1.47 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस प्लान के तहत लोगों के टहलने के लिए वॉकिंग ट्रैक बनाए जाएंगे। इसके अलावा पार्क में ग्रिल लाइनिंग, बच्चों के लिए एक्टिविटी जोन, डेकोरेटिव लाइटिंग और योग और ध्यान स्थल भी बनाए जाएंगे। लोगों के बैठने के लिए बेंच भी लगाए जाएंगे। दोनों जगहों पर पार्क अगले 6 महीने में डिवेलप करने का प्लान है।

**करीब 2.76 करोड़ की लागत से होगा डिवेलपमेंट**

## AIIMS बनेगा मेडिकल रिसर्च का ग्लोबल हब!

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**एम्स दिल्ली** को देश का ही नहीं बल्कि दुनिया का बेस्ट मेडिकल रिसर्च और प्रैक्टिस इंस्टिट्यूट बनाने की कवायद की जा रही है। इस दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. पॉल की अगुआई में एक हाई लेवल कमिटी का गठन किया गया है, जो एम्स दिल्ली के मौजूदा सिस्टम और प्रक्रियाओं की गहन समीक्षा कर व्यापक सुधारों का रोडमैप तैयार करेगी।

दरअसल, वर्तमान में इलाज, रिसर्च और मेडिकल एजुकेशन के मामले में एम्स जैसा कोई और संस्थान पूरे देश में नहीं है। इस साल लगातार 8वीं बार नैशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) में एम्स दिल्ली को पहला स्थान मिला है। पिछले 10 साल से यह टॉप पर बना हुआ है। एम्स की तर्ज पर देश में एम्स के अन्य 22 सेंटर बनाए जा चुके हैं, बावजूद एम्स का अपना वर्किंग एनवायरमेंट ही इसे बाकी से अलग बनाता है। इसलिए सरकार ने एम्स को मेडिकल रिसर्च, इलाज और मेडिकल एजुकेशन, तीनों क्षेत्रों में ग्लोबल स्टैंडर्ड बनाने का लक्ष्य तय किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एम्स को इंटरनैशनल लेवल का बनाने की कवायद की जा रही है। इसके लिए मरीजों के दबाव को कम करने के उपाय, अस्पताल और एजुकेशनल कामकाज के लिए प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (Key Performance Indicators) तय करना, प्रशासनिक पारदर्शिता और गवर्नेंस को मजबूत करना जैसे अहम पॉइंट्स पर काम किया जाएगा।

यही नहीं, एक अधिकारी ने बताया कि यह कमिटी वित्तीय अनुशासन, लॉन्ग टर्म स्टेबिलिटी और आत्मनिर्भरता से जुड़े सुझाव भी देगी, ताकि एम्स दिल्ली भविष्य की चुनौतियों का बेहतर तरीके से सामना कर सके। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर यह रोडमैप प्रभावी तरीके से लागू होता है, तो एम्स दिल्ली रिसर्च के क्षेत्र में भी वैश्विक पहचान बना सकता है।

**केंद्र सरकार की कवायद, बनाई हाई-लेवल कमिटी**

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP4 User: cci Time: 12-15-2025 22:20 Color:



TIMES interact Connecting People, Connecting Needs. To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

## टेंडर और नोटिस

### सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

IT is for general information that I, AADISH KUMAR son of RAMESH KUMAR, residing at H.NO-327, VILLAGE BEGUMPUR, NORTH WEST DELHI, DELHI-110086, declare that name of mine has been wrongly written as AADISH KUAMR in my caste certificate no. OBC/06/63/16650/15/9/2009/9531018849. The actual name of mine is AADISH KUMAR.

I, Shyam Sunder Agarwal S/o Late. Shri Laxman Dass R/O 3087/6A/3, Prem Nagar Delhi-110008 my son Ankur Aggarwal and Soni Aggarwal I debarred my both sons from my all moveable & Immovable Property.

**Public Notice**

FORM NO. NCLT. 3A

BEFORE THE NATIONAL COMPANY LAW TRIBUNAL, BENCH AT NEW DELHI

CP (CAA) NO. 55/ND/2025

In the matter of the Companies Act, 2013 AND In the matter of Section 230 to 232 and other applicable provisions of the Companies Act, 2013 AND In the matter of Composite Scheme of Arrangement Between the following Companies and their respective shareholders

1. VINMAN HEALTH PVT. LTD. CIN: U24232DL2012PTC-242545 M-134, 2ND FLOOR CONNAUGHT PLACE, NEW DELHI, DELHI, INDIA, 110001 EMAIL: account@quadlifesciences.com PAN: AAECV2159A ..Transferor Company No. 1

2. VIVAAR EXIM PVT. LTD. CIN: U24233DL2013PTC-247115 M-134, 2ND FLOOR OPP. SUPER BAZAR, CONNAUGHT PLACE, CENTRAL DELHI NEW DELHI, DELHI, INDIA 110001 EMAIL: account@quadlifesciences.com PAN: AAECV3142K ... Transferor Company No.2

3. AALOHA LIFESCIENCES PVT. LTD. CIN: U24232CH2012PTC03-4176 S.C.O. 333-334, SECTOR 35-B, CHANDIGARH-160035 EMAIL: account@quadlifesciences.com PAN: AAACQ2750L1 ..Transferor Company No. 3

4. GIRISHA LIFESCIENCES PVT. LTD. CIN: U24303DL2018PTC339088 M-255, GREATER KAILASH-11 SOUTH DELHI, NEW DELHI, DELHI, INDIA-110048 account@quadlifesciences.com PAN: AAHCG4638A ...Transferor Company No. 4

5. QUAD LIFESCIENCES PVT. LTD. CIN: U24232CH2012PTC033660 #6KM, NEAR IND-SWIFT FACTORY, VILLAGE BHAGWANPUR, DERABASSI, MOHALI, PUNJAB- 140507 EMAIL: account@quadlifesciences.com PAN: AALCA2308M ...Transferee Company

NOTICE OF PETITION

A Petition under Section 230-232 and other applicable provisions of the Companies Act, 2013, for sanctioning of the Composite Scheme of Arrangement Between Vinman Health Pvt. Ltd., Vivaar Exim Pvt. Ltd., Aaloha Lifesciences Pvt. Ltd., and Girisha Lifesciences Pvt. Ltd. (hereinafter referred to as "Transferor Companies") with Quad Lifesciences Pvt. Ltd. (hereinafter referred to as "Transferee Company") was presented by Petitioner Companies namely Vinman Health Pvt. Ltd., Vivaar Exim Pvt. Ltd. and Girisha Lifesciences Pvt. Ltd., before the New Delhi Bench of the National Company Law Tribunal on 04.12.2025 and the said petition is fixed for hearing before National Company Law Tribunal, Chandigarh on 05.02.2026. Any person desirous of supporting or opposing the instant petition should send to the Petitioner's advocate, notice of his intention, signed by him or his advocate, with his name and address, so as to reach the Petitioner's advocate not later than two days before the date fixed for the hearing of the petition. Where he seeks to oppose the petition, the grounds of opposition or a copy of his affidavit shall be furnished with such notice. A copy of the petition will be furnished by the undersigned to any person requiring the same on payment of the prescribed charges for the same.

VARSHA BANERJEE, UDITA SINGH Counsel for the Petitioner Companies Dhir and Dhir Associates D-55, Defence Colony, New Delhi-110024 E-mail: varsha.banerjee@dhirassociates.com; udita.singh@dhirassociates.com

**हंसराज महाविद्यालय HANSRAJ COLLEGE University of Delhi/ दिल्ली विश्वविद्यालय**

Mahatma Hansraj Marg, Malkaganj, Delhi – 110007

**PUBLIC NOTICE**

No. HRC/Public Notice/2025/01 28.10.2025

Sh. Raju, S/o Late Bhagwan Das, employed as Chowkidar in Hans Raj College, University of Delhi, has been unauthorisedly absent from his duty since 20.08.2024.

Despite repeated memoranda and show-cause notices, no response has been received from him. Consequently, he has been placed under suspension w.e.f. 28.04.2025 and an Enquiry Committee has been constituted by the Disciplinary Authority to inquire into the charges of wilful and unauthorised absence.

Through this public notice, Sh. Raju is hereby directed to report for duty and appear before the Enquiry Committee within fifteen (15) days from the date of publication of this notice, to submit his statement of defence. Failure to comply shall result in ex-parte proceedings, and the Disciplinary Authority shall take a decision for termination of his services without further notice in terms of University Non-Teaching Employees (Terms & Conditions of Service) Rules, 2013.

Issued with the approval of the Competent Authority. Sd/- (Principal) Hans Raj College, Delhi

**PUBLIC NOTICE**

This public notice is being issued in the light of the directions of the Hon'ble Delhi High Court dated 03.12.2025 in L.P.A. No. 329 of 2021 (SP Singh Dhillon v Delhi Capital Badminton & Ors.)

Applications are invited from registered badminton-promoting societies from each District of Delhi for seeking membership of the Delhi Capital Badminton Association (DCBA) in order to strengthen and promote the sport of badminton across the National Capital Territory of Delhi.

Eligible and interested District-level societies may submit their applications, along with supporting documents, to the undersigned at **"B-41, Sector-30, Noida- 201301"** along with a soft copy of the said documents emailed to **"officeofjusticepankajnaqvidcba@gmail.com"** within 60 days of publication of this notice.

A non-refundable fee of **Rs. 20,000 (Rupees Twenty Thousand only)** shall be deposited in favour of the DCBA, **proof of payment** must be submitted along with the application.

**Note**: Mere filing of an application shall not in itself entitle the applicant to become a member of the DCBA.

For detail information kindly check our website www.badmintondelhi.org

**Justice Pankaj Naqvi (Retd.), Administrator, DCBA**

### निविदाएं (टेंडर्स)

[illegible]

विस्तृत नियम एवं शर्तों तथा बिडलॉग के लिए संपर्क करें: ... मोबाइल: 09868215515, 8076863159 वेबसाइट: www.accurateauctioneers.in

**BOOK YOUR PROPERTY ADS** PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496 TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

**इंडिया एक्ज़िम बैंक India Exim Bank**

**पूर्व अर्हता हेतु आमंत्रण**

भारतीय निर्यात-आयात बैंक द्वारा पात्र भारतीय संस्थाओं से EPC कॉन्ट्रैक्टर की अर्हता के लिए बिड आमंत्रित हैं।

प्रयोजन: रवांडा में कृषि मशीनीकरण में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना संबंधी बकाया काम को पूरा करना।

विवरण: https://www.eximbankindia.in/lines-of-credit पर उपलब्ध है।

आगामी सभी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र बैंक की वेबसाइट पर सूचित किए जाएंगे।

### न्यायालय सूचना

**IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI (TESTAMENT INTESTATE, JURISDICTION) CITATION U/s 283, INDIAN SUCCESSION ACT, 1925**

In the matter of TEST. CAS. No. 102/2025. RAJIV DEWAN ...Petitioner Versus THE STATE & ORS. ...Respondents

To, All Concerned.

In the matter of estate of Late Sh. Raj Gopal S/o. Late Sh. Dewan Swarup Lal, R/o. P-22/90, Connaught Circus, New Delhi.

Whereas Sh. Rajiv Dewan S/o. Late Sh. Raj Gopal, R/o. C 4/4080, First Floor, Vasant Kunj, New Delhi-110070, have filed a Petition under Section 276 of Indian Succession Act, 1925 for grant of Probate of the Will dated 01.08.2016 in respect of estate of Sh. Raj Gopal, Deceased.

And whereas the aforesaid case is fixed for hearing on 19.01.2026 at 11:00 a.m. before Joint Registrar (Judicial) of this Court. This Citation is issued in terms of Section 283 of the said Act to all persons claiming to have any interest in the property/properties of the said deceased to come to this Court, file objections, if any, and take part in the proceedings on the date specified above for the grant of Probate.

Given under my hand and the seal of this Court, in terms of the orders dated 13.11.2025.

Assistant Registrar (O) For REGISTRAR GENERAL SPS

### भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

आईटी संबंधित

डीटीपी ऑपरेटर

जरूरी हिंदी मासिक पत्रिका को चाहिए फुल/पार्ट टाइम DTP ऑपरेटर ... WZ 41 ... 9891700245, 011-45657849

अन्य रिक्तियां

चालक

आवश्यकता है लग्जरी गाड़ियों हेतु कार रेंटल कंपनी को कमर्शियल लाइसेंसधारी ड्राइवरों की, मासिक वेतन रु 24,000 संपर्क करें Tex Travels महिपालपुर दिल्ली, 995-3000010, 9953000000, 9999966615

### व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

नाम परिवर्तन

I, Raju S/o Hari Singh R/o H.No.117, Gali no.10, Laxmi Narayan Mandir, Krishan Kunj Extension, Laxmi Nagar, Delhi 110092 have changed my name to Raj Kumar Verma.

I, Aftaba Begum W/o Mohammad Tariquzzama R/o M-47, Abul Fazal Enclave-1, Jamia Nagar, Delhi-110025 Have changed My name form Agtabah Begum to Aftaba Begum for all purpose.

I, Priya Shokeen W/o Rohit Singh Dhankhar R/o H.No 2038 Gali no 35 Surat Nagar ph-2 Gurgaon have changed my name to Priya for all purposes

I, Kanak D/o Sh Biplab Dutta R/o B-1/375, 3rd Floor, Sector-17, Rohini, Delhi-89 have changed my name to Kanak Vij Dutta for all future purposes

I, Shantosh Kumar S/o Paras Singh R/o Gram Kapur Pakari, Post- Kapur Pakdi Dhaka East Champaran, Bihar-845418 have Changed my name to Santosh Kumar for all purposes.

I, Meenu Vij W/o Sh. Biplab Dutta R/o B-1/375, 3rd Floor, Sector-17, Rohini, Delhi-89 have changed my name to Meenu Vij Dutta for all future purposes.

I, Tabassum Khatoon W/o Mohd Yusuf R/o F-37/6, Shaheen Bagh, Jamia Nagar, Delhi-110025 Have changed My name form Tabassum Begum to Tabassum Khatoon for all purpose.

I Sapna Devi W/o Vipin Singh Chauhan r/o Navada Khurd kala vidhipur bidhipura chakarnagar etawah UP-206127 have changed my name to Sapna

I, Gaurv Kumar S/o Braj Pal R/o House No.-72, Randevi-1, Saharanpur, U.P.- 247342 have changed my name to Gaurav Kumar for all purposes.

### खोया एवं पाया

LOST Original Conveyance Deed, duly registered in the office of the Sub Registrar, New Delhi on 14th March 2000 as Doc. No. 3036 in Addl. Book No. I, Vol. No. 1868 on Pages from 80 to 83 executed by Land & Development Office, Nirman Bhawan, New Delhi, in respect of Property bearing No. B - 127, measuring 194 Sq. Yds., situated at Chittranjan Park, New Delhi-110019 in favour of Sh. Moni Dey . A Complaint has also been filed/ lodged with P.S. Crime Branch, vide LR No. 3422993/ 2025 dated 12.12.2025. If anyone found please contact the undersigned Shalini Sharma, W/o Sh. Ajay Sharma R/o B-15, Pamposh Enclave, New Delhi - 110048

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS • FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496 • FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649

## HEALTH & WELLNESS

Sex Problems बचपन की गलतियों के कारण आई सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें अजय हेल्थ क्लीनिक 9810381974

सैक्स समस्याएं बचपन की गलतियों के कारण आई सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें मीता आयुर्वेदा 9899612422 8700470488

36 वर्षों के अनुभवी सैक्स समस्याएं मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें आजाद क्लीनिक 9873144909 9821124909

IVF क्यों? जब है Ayurved निसन्तान-शुक्राणु कमी SEX रोगी मिलें आकाश दवाखाना 9953396533 8860003863

SEX PROBLEMS? सैक्स समस्याएँ कैसी भी स्त्री-पुरुष-कमजोरी बे-औलाद? मिलें-सलाह लें कौशिक क्लिनिक 9810-272-172

सेहत बनाएं वजन बढ़ाएं

सैक्स समस्याएं मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें: नवीन क्लीनिक 9811564909 9210990444

घर बैठे दवा मंगवाएं सन्यासी आयुर्वेदा 8527001155

Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact

TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES

MATRIMONIAL, PROPERTY, BUSINESS, RECRUITMENT, EDUCATION, CHANGE OF NAME, LOST & FOUND, SHOPPING, TENDER, PUBLIC NOTICE, SERVICES, VEHICLES, TRAVEL, BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad + East Delhi | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad + Noida | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०,खूँटी**

**शुद्धि–पत्र**

पी.आर.सं०–368229(NREP)2025–26(D) के द्वारा प्रकाशित इस कार्यालय के अल्पकालीन ई. निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– NREP/KHUNTI/F.-8/2025-26 दिनांक–08.12.2025 के द्वारा प्रकाशित में अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार तिथि संशोधित किया जाता है:–

| | |
|---|---|
| वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 17.12.2025 2PM |
| ई. निविदा की अंतिम तिथि एवं समय | 27.12.2025 5PM |
| ई. निविदा की परिमाण विपत्र एवं एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.12.2025 5PM |
| निविदा खोलने की तिथि–29.12.2025 को अपराह्न 1:00 बजे। | 29.12.2025 1PM |

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेगा।

PR 368642 (NREP) 25-26 (D) कार्यपालक अभियन्ता, एन०आर०ई०पी०,खूँटी।

**MCF FARIDABAD नगर निगम फरीदाबाद**

**सीवर एवं वाटर सप्लाई कनेक्शन हेतु प्लंबर सूचीबद्ध विज्ञापन**

नगर निगम फरीदाबाद द्वारा प्लंबर सूचीबद्ध करने हेतु योग्य एवं अनुभवी व्यक्तियों / टीम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज नगर निगम फरीदाबाद कार्यालय, बी.के. चौक, फरीदाबाद, हरियाणा के कार्यालय अवधि में जमा करा सकते हैं।

**अधिक जानकारी के लिए कृपया इस नंबर पर संपर्क करें। श्री नाजिम, जूनियर इंजीनियर +918375866768**

RO No.41160 कार्यकारी अभियंता ( मुख्यालय ), नगर निगम फरीदाबाद

**आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड** (आरईसी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी)

वैश्विक आमंत्रण (इलेक्ट्रॉनिक बोली के माध्यम से)

[illegible]

ऊर्जा ही जीवन है, इसे बचाएं। Give a missed call on toll free number 18002003004 to get our Apps

**गुमशुदा की तलाश**



कशिश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **कशिश, पुत्री: स्व. श्री बॉबी मिश्रा, पता: एच–3/152, पहली मंजिल, सेक्टर–16, रोहिणी, दिल्ली जोकि 01.12.2025 को सुबह 10:00 बजे अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 83 A, दिनांक 11.12.2025** पुलिस थाना के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा लड़की की पहचान दी गई है:

**नाम: कशिश, उम्र: 18 वर्ष 09 महीने, कद: 4'11", रंग: गेहुँआ, शरीर: मध्यम, चेहरा: अंडाकार, पहनावा: गुलाबी रंग की कुर्ती, काले रंग का पजामा और पैरों में चप्पल।**

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई–मेल: cic@cbi.gov.in

फोन: 011–24368638 / 24368641, फैक्स: 011–24368639

थाना प्रभारी पुलिस थाना के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली फोन: 8750870327, 9868663401

DP/16779/RD/2025

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर।**

पत्रांक: 9092/96 एम(IV)-बुलन्दशहर वृत/2025-26 दिनांक:- 02.12.2025

**ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर द्वारा निम्नलिखित कार्य की मदवार दरों पर ऑनलाइन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से उक्त कार्य के लिये लोक निर्माण विभाग में तालिका के कॉलम 10 के अनुसार सेतु में रजिस्टर्ड फर्म/ठेकेदार द्वारा दिनांक 19.12.2025 से 26.12.2025 तक अपराह्न 12.00 बजे तक उ0प्र0 सरकार से प्रचलित टी-2 के अनुसार आमंत्रित की जाती है। कार्य की तकनीकी निविदा दिनांक 26.12.2025 को अपराह्न 12.30 बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाइन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वेन्यू पूर्ववत् होगी। ऑनलाइन फाईनेंशियल बिड खोलने हेतु समय व तिथि वेबसाइट पर दर्शायी जायेगी।

| क्रम सं./ पैकेज सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी.एस.टी. सहित (रु. में) | सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | जनपद गौतमबुद्धनगर में दनकौर चकबाड़ा से अट्टा फतेहपुर मार्ग के कि0मी0-2 में स्थित क्षतिग्रस्त सेतु के पुनः निर्माण का कार्य। | 70.00 | 5.50 | 09 माह | निविदा शुल्क 300+2000+18% जी.एस.टी. रु. 414.00 =2714.00 | अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि. गौतमबुद्धनगर | अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त, लो.नि.वि. बुलन्दशहर | मुख्य अभियन्ता मेरठ लो.नि.वि. मेरठ | A, B सेतु कार्य |

1. कार्य को पूर्ण करने की अवधि उक्त तालिका के कॉलम सं0-5 में वर्षाकाल सहित अंकित है।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क का भुगतान इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा।
3. समस्त पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा पिछले 5 वर्षों का टर्नओवर जो कि सी0ए0 से सत्यापित हो, एवं पिछले 5 वर्षों से सन्तोषजनक रूप से किये गये अधिकतम लागत के कार्यों का विवरण चाणक्य सॉफ्टवेयर में निविदा डालने के पूर्व अपलोड किया जायेगा। ई-निविदा, जो कि http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी। उसका विवरण लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 के चाणक्य सॉफ्टवेयर में उपलब्ध सॉफ्टवेयर पर भी निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व अपलोड करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा अन्य विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
5. कार्य सम्पादन के समय ठेकेदार को उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी कोविड-19 से सम्बन्धित समस्त सुरक्षा उपायों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।
6. लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।

( कंचन सिंह ) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, गौतमबुद्धनगर

UPID-242160/10.12.2025 www.upgov.nic.in

( मनीष वर्मा ) अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0 बुलन्दशहर

एम्स, प्राइवेट जांच सेंटर बनाएंगे सिस्टम

# AIIMS: CT स्कैन के लिए नहीं करना होगा लंबा इंतजार



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

एम्स, दिल्ली में इलाज के लिए आने वाले ओपीडी मरीजों को अब सीटी स्कैन जांच के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए एम्स ने प्राइवेट और प्रतिष्ठित डायग्नोस्टिक सेंटरों से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (EOI) मांगा है, ताकि ओपीडी मरीजों को सब्सिडी दरों पर समय पर सीटी स्कैन सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

एम्स के अनुसार, पैनल में शामिल किए जाने वाले प्राइवेट जांच सेंटरों पर एम्स से रेफर किए गए मरीजों की सीटी स्कैन जांच के लिए वेटिंग अधिकतम चार दिन से ज्यादा नहीं होगी। इसका मकसद अस्पताल में बढ़ते मरीजों के दबाव को कम करना और सीरियस मरीजों की जांच में देरी रोकना है। पैनल में शामिल डायग्नोस्टिक केंद्र सीटी स्कैन जांच सीजीएचएस की तय दरों से अधिक शुल्क नहीं ले सकेंगे। मरीज प्राइवेट सेंटर को सीधे भुगतान नहीं करेंगे, बल्कि तय शुल्क एम्स में ही जमा होगा। जांच होने की पुष्टि के बाद एम्स हर महीने संबंधित डायग्नोस्टिक केंद्रों को भुगतान करेगा।

एम्स और प्राइवेट जांच सेंटर मिलकर ऐसा सिस्टम विकसित करेंगे, जिससे मरीजों को एम्स के ई-हॉस्पिटल (HIS) के जरिए अपॉइंटमेंट दिया जा सके। जरूरत पड़ने पर फोन के जरिए भी समय तय किया जाएगा। इससे मरीजों को भटकना नहीं पड़ेगा। इस योजना के तहत रूटीन सीटी स्कैन के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर सीटी एंजियोग्राफी जैसी विशेष जांच भी कराई जा सकेगी। जांच के बाद मरीज को सीडी और फिल्म दी जाएगी, साथ ही रिपोर्ट एम्स के PACS नेटवर्क पर भी साझा की जाएगी। एम्स ने साफ किया है कि पैनल में शामिल प्राइवेट जांच सेंटरों को निर्धारित संख्या में गरीब मरीजों की जांच बिना शुल्क करनी होगी।

### समय पर जांच और इलाज में तेजी

एम्स अधिकारियों के अनुसार, इस पहल से सीटी स्कैन की लंबी वेटिंग लिस्ट कम होगी और मरीजों का इलाज समय पर शुरू हो सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम सरकारी अस्पतालों में जांच सुविधाओं के दबाव को कम करने और मरीजों को सस्ती, भरोसेमंद जांच उपलब्ध कराने की दिशा में अहम साबित होगा। हालांकि, साथ में यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि जब एम्स में 24 घंटे सीटी, एमआरआई जांच की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद प्राइवेट से मदद लेने की जरूरत क्यों महसूस हो रही है?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

# ऑपरेशन चक्रव्यूह चला कटे 24,000+ चालान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इस महीने की शुरुआत में पूरे शहर में चलाए गए ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत 24,000 से अधिक गाड़ियों के चालान काटे हैं। इतना ही नहीं, इस अभियान के तहत 144 गाड़ियों को जब्त भी किया गया। ट्रैफिक पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह दो सप्ताह का अभियान एक दिसंबर से दिल्ली पुलिस के ट्रैफिक मैनेजमेंट डिविजन ने लोकल पुलिस के अलावा पीसीआर यूनिट के सहयोग से चलाया था।

अभियान के तहत 144 गाड़ियों को जब्त भी किया गया है

ट्रैफिक मैनेजमेंट डिविजन के डीसीपी शशांक जायसवाल ने बताया कि इस अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस और पुलिसकर्मियों को व्यस्त चौराहों, मार्केट्स और दुर्घटना संभावित सड़कों पर तैनात किया गया था। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों की कार्रवाई से बचने के रोकने के लिए चिह्नित क्षेत्रों के सभी एंट्री और एग्जिट पॉइंट पर रोजाना लगभग दो घंटे तक टीमों की तैनाती की गई। इस अभियान का उद्देश्य आदतन ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर रोक लगाने और गंभीर और जानलेवा अपराधों के विरुद्ध सख्त ऐक्शन के माध्यम से अनुशासित तरीके से गाड़ी चलाने को बढ़ावा देना था। बिना हेलमेट गाड़ी चलाना, ट्रिपल राइडिंग, नशे की हालत में ड्राइविंग, तेज और लापरवाही से ड्राइव, गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना, ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने आदि के चालान किए गए। कुल 24,841 चालान काटे गए। इसके अलावा, गंभीर अपराधों और चोरी के पाए गए मामलों में 144 गाड़ियों को जब्त किया गया।

# 8 आरोपी पकड़े, गांजा और हथियार बरामद

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी: ऑपरेशन होटस्पॉट डोमिनेशन के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जिले के विभिन्न स्थानों से 8 आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों से अवैध हथियार, गांजा व मद्य की राशि बरामद की है। चौकी गोकल गेट रेवाड़ी पुलिस ने देसी पिस्टल व 2 कारतूस के साथ एक आरोपी सचिन निवासी अर्जुन नगर रेवाड़ी को गिरफ्तार किया है। वहीं थाना रामपुरा पुलिस ने 4.102 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी मनोज को गिरफ्तार किया है। वहीं सीआईए रेवाड़ी ने थाना शहर रेवाड़ी क्षेत्र में जुआ खेलते हुए 5 आरोपियों नीरज निवासी बिजनौर यूपी, शिवम बंसल, कपिल माहेश्वरी, लक्ष्य माहेश्वरी व हिमेश सैनी निवासी मोहल्ला शुक्रपुरा को गिरफ्तार कर उनसे 4 हजार 270 रुपये बरामद किए हैं। वहीं थाना माडल टाउन पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी इंद्रजीत को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

# सोसायटी में घुसे बदमाश, दरवाजा तोड़ने की कोशिश

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी: गुरुग्राम के गढ़ी बोलनी रोड स्थित गुरुनेक सोसायटी में रविवार की देर रात को पांच नकाबपोश बदमाश घुस आए। उन्होंने सीढ़ियों से चढ़कर कई फ्लैट्स के दरवाजे चेक किए, लेकिन सभी दरवाजे बंद मिलने पर उन्होंने एक दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया। सोसायटी के लोगों के जगने से सभी बदमाश फरार हो गए। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सोसायटी में रविवार की देर रात तीन से 3 बजे 5 बदमाश सीढ़ियां चढ़ते हुए फ्लैट्स के दरवाजे चेक करते रहे। कोई भी दरवाजा खुला नहीं मिला, तो उन्होंने एक फ्लैट के दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया। आवाज सुनकर फ्लैट मालिक की नींद खुल गई और उन्होंने शोर मचा दिया।

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

## फटाफट खबरें

### 'वोट चोरी' मुद्दे से उमर ने बनाई दूरी

■ पीटीआई, श्रीनगर: जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस द्वारा उठाए गए 'वोट चोरी' के मुद्दे से खुद को अलग किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी I.N.D.I.A. का इससे कोई लेना-देना नहीं है। उमर ने कहा कि कांग्रेस ने वोट चोरी और एसआईआर को अपना मुख्य मुद्दा बनाया है और गठबंधन के अन्य घटक दल इस पर बाध्य नहीं है।

### राज कुमार गोयल मुख्य सूचना आयुक्त



■ पीटीआई, नई दिल्ली: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पूर्व आईएएस अधिकारी राज कुमार गोयल को मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ दिलाई। 1990 बैच के एजीएमयूटी कैडर अधिकारी गोयल की नियुक्ति पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिश पर हुई।

### महाराष्ट्र: नगर निगम चुनाव 15 जनवरी को

■ पीटीआई, मुंबई: महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी को होंगे और मतगणना 16 जनवरी को की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया कि 2,869 सीटों के लिए 3.48 करोड़ मतदाता मतदान करेंगे। नामांकन 23 से 30 दिसंबर तक होंगे।

# मनरेगा की जगह नया ग्रामीण रोज़गार कानून लाने की तैयारी, राजनीति गरमाई

## नए कानून में 125 दिन के रोज़गार की गारंटी देने का प्रस्ताव

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**केंद्र सरकार** ग्रामीण रोजगार से जुड़े एक बड़े बदलाव की तैयारी में है। सरकार संसद में एक ऐसा विधेयक ला सकती है जिसके तहत मौजूदा मनरेगा कानून को खत्म कर उसकी जगह नया कानून लागू किया जाएगा। इस नए कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को हर साल 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी देने का प्रस्ताव है।

इसके लिए नया विधेयक पेश किया जाना है। नए विधेयक का नाम विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 रखा गया है। इसकी कॉपियां लोकसभा के सांसदों को दी जा चुकी हैं और सोमवार की लोकसभा के बिजनेस में इसे शामिल किया गया है। सरकार का कहना है कि यह विधेयक विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप है। इसके तहत गांवों में रहने वाले ऐसे सभी वयस्क सदस्य, जो स्वेच्छा से अकुशल फिजिकल काम करना चाहते हैं, उन्हें हर साल 125 दिन का रोजगार दिया जाएगा।

केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मनरेगा ने बीते 20 सालों में ग्रामीण परिवारों को रोजगार की सुरक्षा दी है लेकिन अब गांवों में सामाजिक और आर्थिक हालात में काफी बदलाव आया है और कई बड़ी सरकारी योजनाएं लागू हो चुकी हैं। ऐसे में रोजगार गारंटी व्यवस्था को और मजबूत और आधुनिक बनाने की जरूरत है। जहां मनरेगा का मुख्य जोर आजीविका की सुरक्षा पर था, वहीं नया कानून गांवों को ज्यादा समृद्ध, आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने पर केंद्रित होगा। इसमें ग्रामीण बुनियादी ढांचे को बेहतर करने और खेतिहर मजदूरों की उपलब्धता आसान बनाने पर भी ध्यान दिया जाएगा।



- ग्रामीण परिवारों को हर साल 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी देने का प्रस्ताव
- सांसदों को बिल की कॉपी दी गई, सोमवार की लोकसभा के बिजनेस में शामिल किया गया
- विपक्ष ने महात्मा गांधी का अपमान बताया, कहा- इसे जिम्मेदारी राज्यों पर डालने का प्रयास

अब गांवों में सामाजिक और आर्थिक हालात में काफी बदलाव आया है। ऐसे में रोजगार गारंटी व्यवस्था को और मजबूत और आधुनिक बनाने की जरूरत है। - *शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री*

### प्रियंका ने पूछा, गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा?

विपक्ष ने मनरेगा के स्थान पर नया कानून बनाने की तैयारी के बीच सोमवार को कहा कि आखिर इस योजना से महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है तो कार्यालयों, स्टेशनरी में बहुत सारे बदलाव करने पड़ते हैं, जिसके लिए पैसा खर्च किया जाता है।



तो क्या फायदा है? ऐसा क्यों किया जा रहा है? उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है। महात्मा गांधी न केवल देश में, बल्कि दुनिया में सबसे बड़े नेता माने जाते हैं इसलिए उनका नाम हटाना, मुझे वास्तव में समझ में नहीं आता कि उद्देश्य क्या है।

### उच्च संस्थानों के लिए एक रेगुलेटर, बिल पेश

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान बिल-2025 पेश किया, जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों को स्वतंत्र गवर्नेंस वाले संस्थान बनाना और एक सिंगल पॉइंट रेगुलेटर बनाना है। इस बिल के जरिए UGC, AICTE और NCTE को रिप्लेस कर नए रेगुलेटर के तहत विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को नियम-आधारित स्वायत्तता दी जाएगी। बिल में पहली बार रेगुलेटरी नियमों के उल्लंघन पर 10 लाख से लेकर 75 लाख तक का जुर्माना और गंभीर मामलों में डिग्री देने का अधिकार निलंबित करने, या संस्थान बंद करने का प्रावधान शामिल है। फर्जी विश्वविद्यालयों के खिलाफ भी कड़ा कदम उठाया जाएगा, जिन पर दो करोड़ रुपये की पेनल्टी और तत्काल बंद करने का प्रावधान है। बिल तकनीकी शिक्षा, यूनिवर्सिटी और टीचर्स एजुकेशन संस्थानों को एक ही छतरी के नीचे लाएगा, जबकि मेडिकल और लॉ कॉलेज इसके दायरे में नहीं होंगे।



#### विपक्ष ने बिल पर सवाल उठाए

*विपक्ष ने इस बिल पर सवाल उठाए, जैसे शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता पर असर और बिल के नाम का उच्चारण। इसे जॉइंट पार्लियामेंटरी कमिटी (जेपीसी) को भेजने का प्रस्ताव रखा गया है ताकि व्यापक चर्चा के बाद इसे अंतिम रूप दिया जा सके।*




## BJP में राष्ट्रीय से प्रदेश स्तर तक बदलाव: शीर्ष संगठन और राज्यों में नई जिम्मेदारियां तय

### नितिन नवीन को बड़ी ज़िम्मेदारी, पांच राज्यों के चुनाव होंगे चुनौती

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com



दिल्ली एयरपोर्ट से लेकर पार्टी मुख्यालय तक हुआ जोरदार स्वागत

■ नई दिल्ली: बीजेपी ने संगठनात्मक राजनीति में एक बड़ा और संदेश देने वाला कदम उठाते हुए बिहार सरकार के मंत्री और पांच बार के विधायक नितिन नवीन को पार्टी का नया राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। सोमवार को दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में उन्होंने औपचारिक रूप से पदभार संभाला। यह नियुक्ति न केवल संगठन के भीतर युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने का संकेत है, बल्कि मेहनत और प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष पद तक पहुंचने के बीजेपी के दावे को भी मजबूत करती है।

45 वर्षीय नितिन नवीन के सामने सबसे बड़ी चुनौती 2026 में होने वाले पांच राज्यों- पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनाव होंगे। खास तौर पर पश्चिम बंगाल पर सबकी निगाहें टिकी हैं, जहां बीजेपी बीते कई वर्षों से लगातार मेहनत के बावजूद सत्ता का किला फतह नहीं कर पाई है। हालांकि 2021 के विधानसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा था, जब सीटें 3 से बढ़कर 77 तक पहुंचीं और वोट शेयर में भी बड़ा इजाफा हुआ। अब 2026 में एक बार फिर मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है।

**बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार संभाला**

नितिन नवीन का राजनीतिक सफर एबीवीपी से शुरू होकर संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर अहम जिम्मेदारियों तक पहुंचा है। पांच बार विधायक रह चुके नवीन पटना के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और बिहार सरकार में मंत्री भी हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों के प्रभारी के रूप में उनके संगठनात्मक अनुभव को अहम माना जाता है। पार्टी के भीतर यह माना जा रहा है कि वे नई सोच और जमीन से जुड़े नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं।

#### संगठन को नई ऊर्जा देने की चुनौती

राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि नवीन भविष्य में जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी के रूप में पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। यदि ऐसा होता है, तो वे बिहार से आने वाले पहले बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे। फिलहाल उनके सामने संगठन को नई ऊर्जा देना, दक्षिण भारत में विस्तार की रणनीति बनाना और 2026 के चुनावों में पार्टी को मजबूत स्थिति में पहुंचाना सबसे बड़ी कसौटी होगी।

### बिहार की कमान दिलीप जायसवाल की जगह अब संजय सरावगी को

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिलीप जायसवाल** की जगह अब संजय सरावगी को बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से संगठनात्मक नियुक्ति का यह आदेश जारी किया गया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। बिहार चुनाव के बाद पार्टी ने संगठन के स्तर पर बड़े बदलाव किए हैं।

दिलीप जायसवाल बिहार सरकार में मंत्री होने के साथ-साथ प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे। दरभंगा सदर सीट से विधायक और पूर्व मंत्री संजय सरावगी को सोमवार को पार्टी की बिहार इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है, जो दरभंगा विधानसभा सीट से लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। संजय सरावगी वैश्य समाज से आते हैं और बीजेपी में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को निभा चुके हैं। सरावगी 2005 से लगातार छह बार बिहार विधानसभा के सदस्य हैं। राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। सरावगी को दरभंगा और मिथिला क्षेत्र में बीजेपी का चर्चित और पुराना चेहरा माना जाता है। वे मिथिला क्षेत्र में अपनी मजबूत पैठ के लिए जाने जाते हैं। उनका राजनीतिक सफर छात्र राजनीति से शुरू हुआ और छात्र नेता के रूप में भी उन्होंने कई अहम जिम्मेदारियां निभाई थीं। आज वे बिहार में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की भूमिका तक पहुंचे हैं। छात्र जीवन में 10 वर्षों तक एबीवीपी में विभिन्न पदों पर रहे। पहली बार 2005 में दरभंगा सदर विधानसभा सीट से चुने गए और उसके बाद 2010, 2015, 2020, 2025 में लगातार विधायक चुने गए। उन्होंने एमकॉम और एमबीए किया है। बिहार सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल अभी तक प्रदेश अध्यक्ष थे और वे अब मंत्री बन गए हैं। बीजेपी 'एक व्यक्ति, एक पद' के सिद्धांत को लागू करने की कोशिश कर रही है।

- बिहार विधानसभा चुनाव के बाद संगठनात्मक और प्रशासनिक स्तर पर संतुलन बनाने की कोशिश
- बिहार चुनाव के बाद पार्टी ने संगठन के स्तर पर बड़े बदलाव किए हैं।



#### तमिलनाडु चुनाव के लिए पीयूष गोयल प्रभारी

बीजेपी ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का चुनाव प्रभारी (इलेक्शन इंचार्ज) बनाया है। इसके साथ ही तमिलनाडु के लिए ही केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और मुरलीधर मोहोल को तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का सह-प्रभारी बनाया गया है। असम में विधानसभा चुनावों के लिए भी बीजेपी ने इलेक्शन इंचार्ज घोषित किए हैं। लोकसभा सदस्य बैजयंत पांडा को असम चुनाव की रणनीति बनाने के लिए चुनाव प्रभारी बनाया गया है, वहीं जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील कुमार शर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री दर्शना बेन जरदोश को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। तमिलनाडु और असम में अगले साल चुनाव होने हैं।

**केंद्रीय मंत्रियों को बनाया गया चुनाव प्रभारी**

## चुनाव सुधार के मसले पर विपक्ष का हमला

AI Image



- SIR को लेकर राज्यसभा में सियासी घमासान
- वोट चोरी और पक्षपात के आरोपों से गरमाई बहस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**राज्यसभा में** चुनाव सुधार पर डिबेट में विपक्ष ने सत्ता पक्ष और चुनाव आयोग को बहुत तीखे तरीके से घेरा और हमला किया। विपक्ष ने SIR प्रक्रिया की विसंगतियों, पक्षपात, दल बदल विरोधी कानून में सुधार जैसे कई अहम और गंभीर मुद्दे सदन में उठाए।

सोमवार को बहस की शुरुआत होने के बाद इसमें हिस्सा लेते हुए AIADMK सांसद एम थंबीदुरई ने कहा कि उन्हें चुनाव आयोग की कार्रवाई में पूरा भरोसा है। मतदाता सूची की स्वच्छता लोकतांत्रिक पारदर्शिता के लिए बेहद अहम है। जेडीएस की ओर से पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा ने विपक्षी दलों से कहा कि अगर वो वोट चोरी के अपने आरोपों को जारी रखते हैं तो उन्हें इसका नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग प्रधानमंत्री का सड़कों और कई मंचों पर मजाक बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस नेता इंदिरा गांधी और राजीव गांधी को भारी बहुमत मिला था तो उनके साथ विपक्ष ने कभी ऐसा नहीं किया था। पंडित नेहरू के वक्त भी चुनावी प्रक्रिया में विसंगतियां थीं।

सीपीएम नेता जॉन ब्रिटास ने सत्तापक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि SIR का नाम अमित शाह इंटेंसिव रिविजन रखा जाना चाहिए। हालांकि इस दौरान उन्होंने साल 2014 में कांग्रेस और बीजेपी दोनों को FCRA में संशोधन का जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए था। बीआरएस के आर सुरेश रेड्डी ने कहा कि चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा ना करना मतदाता के साथ धोखाधड़ी है।

#### विपक्ष पर निशाना

**विपक्षी सांसदों** के सवाल का जवाब देते हुए जेडीयू सांसद संजय झा ने साल 2005 के बिहार विधानसभा चुनावों का उदाहरण देते हुए कहा कि उस वक्त विधानसभा में खंडित जनादेश आया था। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को सरकार बनाने के लिए समर्थन भी मिल गया था। लेकिन इसके बाद केंद्र में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह की अगुआई वाली यूपीए सरकार ने आधी रात को हुई कैबिनेट बैठक के जरिए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि किसी भी विधायक ने शपथ नहीं ली।

## प्रियंका और प्रशांत किशोर में हुई मुलाकात से कांग्रेस में नई हलचल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

File



**जन सुराज** पार्टी के संस्थापक और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर (PK) की कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से हालिया मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक नई दिल्ली में करीब दो घंटे तक चली, जिसमें उत्तर प्रदेश और बिहार समेत उत्तर भारत के मौजूदा राजनीतिक हालात, चुनौतियों और आगामी चुनावी परिदृश्य पर विचार-विमर्श हुआ। हालांकि, दोनों पक्षों ने अभी इस मुलाकात पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

प्रियंका गांधी से जब पत्रकारों ने इसपर सवाल पूछा तो उन्होंने इसे टालते हुए कहा कि ये कोई न्यूज है, दूसरे जरूरी मुद्दों पर बात कीजिए। लेकिन समय और संदर्भ को देखते हुए इसे सामान्य मुलाकात से कहीं अधिक अहम माना जा रहा है। खासतौर पर ऐसे समय में जब कांग्रेस उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत के राज्यों में अपनी खोई जमीन वापस पाने की कोशिश कर रही है, प्रशांत किशोर से संवाद को रणनीतिक संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

प्रशांत किशोर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ वर्षों में उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं। 2021 में किशोर ने कांग्रेस के पुनरुद्धार को लेकर एक विस्तृत प्रस्ताव दिया था। इसके बाद अप्रैल 2022 में सोनिया गांधी के 10 जनपथ स्थित आवास पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी नेतृत्व के सामने पीपीटी प्रेजेंटेशन भी दिया था। इसके बाद से प्रशांत किशोर ने बिहार में जन सुराज अभियान शुरू कर अपनी अलग राजनीतिक राह चुनी। बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य मौकों पर उन्होंने कांग्रेस की रणनीति और कुछ मुद्दों, खासकर वोट चोरी और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) जैसे विषयों पर भी सवाल उठाए थे। बावजूद इसके, कांग्रेस और पीके के बीच संवाद पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। ताजा मुलाकात को इसी पृष्ठभूमि में देखा जा रहा है।

#### नए सहयोग के विकल्प तलाश रही कांग्रेस

**राजनीतिक विश्लेषकों** का मानना है कि कांग्रेस उत्तर भारत में संगठन को मजबूत करने के लिए नए प्रयोगों और सहयोग के विकल्प तलाश रही है, जबकि प्रशांत किशोर भी राष्ट्रीय राजनीति में अपनी भूमिका को लेकर संभावनाएं टटोल रहे हैं। हालांकि कांग्रेस में उनके औपचारिक रूप से शामिल होने को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक संकेत नहीं है।

## वायु प्रदूषण नियंत्रण कानून पर फिर से विचार होः कांग्रेस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

- जयराम रमेश ने कहा, वायु प्रदूषण नियंत्रण कानून चार दशक पुराना
- लैंसेट के अध्ययन का हवाला देते हुए कांग्रेस ने केंद्र पर साधा निशाना

**कांग्रेस ने** वायु प्रदूषण को लेकर केंद्र सरकार के रुख पर कड़ा ऐतराज जताया है। कांग्रेस सांसद और महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि राज्यसभा में यह कहना कि वायु प्रदूषण और मौतों/बीमारियों के बीच सीधा संबंध साबित करने वाला कोई पुख्ता आंकड़ा नहीं है, सरकार की चिंताजनक असंवेदनशीलता को दर्शाता है। कांग्रेस ने वायु प्रदूषण (नियंत्रण और निवारण) अधिनियम, 1981 पर पुनर्विचार, नैशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल को मजबूत करने और बिजली संयंत्रों के लिए ढीले किए गए उत्सर्जन मानकों को वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि अधिनियम 1981 जो पिछले चार सालों से पर्याप्त माना जाता था, अब उसपर पुनर्विचार की जरूरत है क्योंकि इस कानून को बनाने के पीछे पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी नहीं थी।

उन्होंने कहा कि जुलाई 2024 में प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल द लैंसेट में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक भारत में कुल मौतों का 7.2% वायु प्रदूषण से जुड़ा है और केवल 10 शहरों में ही हर साल करीब 34 हजार मौतें इससे संबंधित पाई गई हैं।

उन्होंने बताया कि अगस्त 2024 में इंटरनैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंसेज (IIPS) के अध्ययन में यह सामने आया कि जिन जिलों में वायु प्रदूषण राष्ट्रीय मानकों से अधिक है, वहां बुजुर्गों में समय से पहले मौतें 13% और बच्चों की मृत्यु दर में लगभग 100% तक की बढ़ोतरी देखी गई।



## पीएम मोदी पर आपत्तिजनक नारे, सत्ता पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

PTI



हंगामे के कारण शून्यकाल और प्रश्न काल नहीं चल सका।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के खिलाफ कथित तौर पर धमकी भरे नारे लगाए जाने और बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह की ओर से सदन में की गई एक टिप्पणी को लेकर लोकसभा में भी बहुत हंगामा हुआ। सोमवार को इन मुद्दों पर लोकसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के कारण शून्यकाल और प्रश्न काल नहीं चल सका।

**रिजिजू बोले, कांग्रेस, बीजेपी के कार्यकर्ता राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, दुश्मन नहीं**

पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने जैसे ही सदन के पटल पर आवश्यक कागजात रखवाए, कांग्रेस के सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के निकट पहुंच गए। वे पिछले सप्ताह सदन में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री शाह द्वारा की गई एक टिप्पणी का हवाला देते हुए उनसे और प्रधानमंत्री मोदी से माफी मांगने की मांग कर रहे थे। वहीं केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि हम देश के लिए काम कर रहे हैं और यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुले तौर पर प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने की घोषणा की। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी के कार्यकर्ता और नेता राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, दुश्मन नहीं।

#### सत्ता पक्ष जरूरी मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहता: प्रियंका

प्रियंका ने कहा कि हमें नहीं मालूम कि ये सब किसने कहा। रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के लोग जरूरी मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहते इसलिए हंगामा करते हैं।

#### राज्यसभा में भी जबरदस्त हंगामा

राज्यसभा में भी सोमवार को कांग्रेस की एक रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कथित तौर पर लगाए गए नारों को लेकर भारी हंगामा हुआ। सदन के नेता जेपी नड्डा ने रैली का जिक्र करते हुए विवादित नारों पर आपत्ति जताई और इसे निंदनीय बताया। नड्डा के बयान के बाद विपक्ष ने सदन में हंगामा किया और बाहर की घटना पर चर्चा पर सवाल उठाए। बढ़ते शोरगुल के बीच उपसभापति हरिवंश ने कार्यवाही एक घंटे के लिए स्थगित कर दी।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP6 User: dilip.lal Time: 12-15-2025 21:58 Color:



जब राजनीति में भाषा का पतन होता है, तब विचार भी पतन की ओर बढ़ते हैं।
*- हना आरेंट, राजनीतिक दार्शनिक*

# अमर्यादित भाषा

राजनीति में तमाम मतभेदों के बाद भी यह उम्मीद की जाती है कि विरोधी के खिलाफ जुबानी तीर चलाते समय मर्यादा का ख्याल रखा जाएगा। मगर यह उम्मीद टूटती रही है। इस कड़ी में नया मामला जुड़ा है पीएम नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी का।

**रैली में नारे ।** आरोप है कि दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली के दौरान पीएम के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाए गए। याद होगा कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन की एक रैली में भी पीएम मोदी के खिलाफ कथित तौर पर अपशब्दों का इस्तेमाल हुआ था, जिसे BJP ने बड़ा मुद्दा बनाया था।

**सम्मान जरूरी ।** राजनीति में विरोध स्वाभाविक है, लेकिन उसमें भी पद की गरिमा और शालीनता का ध्यान रखा जाना चाहिए। राजनीतिक स्तर पर भाषाई मर्यादा की दीवार टूटती है, तो असर पूरे समाज पर पड़ता है। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में साल 2018 में एक सख्त टिप्पणी की थी। दिल्ली के तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कुछ BJP नेताओं द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर ऐतराज जताते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के प्रति कुछ सम्मान होना चाहिए।


रैली में आपत्तिजनक नारा

**सत्र पर असर ।** यह टिप्पणी याद दिलाती है कि विरोध का अधिकार अपनी जगह सुरक्षित है, लेकिन संवैधानिक पदों के सम्मान को गिराने वाले शब्द बर्दाश्त नहीं किए जा सकते। इससे आखिरकार संस्थाएं कमजोर होती हैं। मौजूदा विवाद का एक निराशाजनक पहलू है संसद में कामकाज का ठप होना।

**असल मुद्दे गायब ।** शीत सत्र अभी तक हंगामे और नारेबाजी के नाम रहा है। सोमवार को भी दोनों सदनों में यही नजारा दिखा। BJP नेताओं ने मांग रखी है कि कांग्रेस नेतृत्व को माफी मांगनी चाहिए, जबकि कांग्रेस का कहना है कि सदन के बाहर हुए मामले को सदन में क्यों उठाया जा रहा। गतिरोध की यह स्थिति इसलिए भी अच्छी नहीं है, क्योंकि इसकी वजह से जनता से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा नहीं हो पाई।

**सीमा न लांघें ।** सरकार और विपक्ष के बीच इस समय समन्वय और सहमति शून्य के बराबर है। SIR और 'वोट चोरी' जैसे मुद्दों को लेकर दोनों तरफ से आक्रामकता देखने को मिल रही है। अगले साल कुछ राज्यों में चुनाव होने हैं। अक्सर चुनाव के दौरान यह मर्यादा टूटती है, यह देखने में आया है। लेकिन यह देश की राजनीति के लिए ठीक नहीं है। आशा है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों राजनीतिक मर्यादा का खयाल रखेंगे।

## ऐवें कुछ भी

# ग्रैप 4 का ख़ौफ़

गाजियाबाद वाले चाचा के घर भूकंप सा आ गया। बेटा रोहित चिल्लाते हुए घुसा, अरे ग्रैप लग गया, ग्रैप। चाचा कनटोप के भीतर से बोले, किसका गृहप्रवेश हो गया। चाची चौके से चिल्लाईं, टोपा हटा के सुनो, ग्रहण लग गयो। फिर खुद बोलीं, आज कौन सो ग्रहण? टीवी में तो बताई नहीं।


आलोक सिंह भदौरिया

रोहित चिल्लाया, अरे मम्मी AQI 400 के पार हो गया। कल से भारी वाहन, स्कूल, निर्माण कार्य, प्रदूषण फैलाने वाले सब काम बंद। चाचा पास में खिसक आए, और का बंद है? रोहित बोला, सारे गैरजरूरी काम बंद। चाचा ने कनटोप के ऊपर अंगोछा लपेटा, जेब में बटुआ रखा, धीरे-धीरे दरवाजे की तरफ खिसकने लगे। रोहित बोला, अरे कहां चले पापा? चाचा कान में फुसफुसाए, शाम की दवाई का इंतजाम कर लें, पता नहीं कब खुले ठेके।

रोहित दांत पीसकर बोला, पापा ग्रैप है लॉकडाउन नहीं। सब खुलेगा। चाचा धीरे से बोले, एकदम पक्का न? अभी कह रहे सारे गैरजरूरी काम बंद, हम लोग कहूं देखा न बंद हो जाए। फिर खुद से ही बोले, वैसे है तो सबसे जरूरी काम, बंद नहीं होगा। रोहित बोला, अरे पापा धुआं-धक्कड़ वाले काम बंद। समझे? चाची फिर चौके से चिल्लाईं, इन्हें बता देओ, सुबह दरवाजे पै बैठ के हुक्का-बीड़ी फूंकनी सब बंद। चाचा बीड़ी सुलगाने जा ही रहे थे, बात सुनकर बंडल जेब में रख लिया।



रोहित बोला, बेचारा मेसी जब से भारत आया परेशान ही परेशान है। पहले स्टेडियम में फंसा, फिर अपनी विशाल मूर्ति देख दहशत खा गया। अब इते प्रदूषण में दिल्ली में आ रहा है बताओ, कैसे खेलेगा फुटबॉल, कहूं बीमार न पड़ जाए। चाचा ने कनटोप खिसकाया, बोले, कौन सौ मैसी आई है? चाची ने घर के गलियारा से टोका तो चुप हुए। चाची चौके से बड़बड़ाती रहीं, मेसी की बड़ी चिंता है, यहां रोज हमारे नाती पोता बस्ता लादे के स्कूल जाए रहे, लोग मेहनत मजूरी कर रहे, का उनकी जान, जान नहीं है। जब इतो धुआं भओ तब याद आई? बीमार तो पता नहीं कब से हो रहे सब। अब सब बंद कर देओ। कब तक बंद करोगे? जड़ से खतम क्यों नहीं करते इस बीमारी को।

## बोल वचन

दिलीप लाल

# दूल्हे की परछन

भारत में शादियों में वर-वधू के मिलन के समय कई रोचक रिवाज निभाए जाते हैं। बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में जब बारात घर के दरवाजे पर पहुंचती है, तो लड़की की मां, दादी और अन्य महिलाएं दूल्हे की आरती करती हैं। दही-अक्षत का टीका लगाती हैं और बुरी नजर से बचाने के लिए मूसल या बट्टा जैसी चीजें उसके ऊपर से घुमाती हैं। इस रिवाज के लिए परछन या परिछन शब्द है। मूल शब्द परिच्छन्न से परीछन आया है जिसका एक अर्थ बचाना भी है। महिलाएं कहती भी हैं- चलो, दूल्हे को परछ आते हैं। मिथिलांचल में इसके गीत भी गाए जाते हैं, जैसे- 'लोढ़ा (बट्टा) से सेंदाई उनकर गाल सखिया, चारो दुल्हा में बड़का कमाल सखिया।' गुजरात और राजस्थान के कुछ हिस्सों में परछन के लिए तोरण शब्द का इस्तेमाल होता है। हालांकि वहां आरती के बाद दूल्हे की नाक खींची जाती है। हंसी-ठिठोली भरे माहौल में वर के अहंकार को विनम्रता और बराबरी पर लाना माना जाता है। यह अपमान नहीं होता। परछन के लिए बांग्ला में बरन शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। अंग्रेजी में परछन को समझाने के लिए कहा जा सकता है- welcoming of the groom by the bride's female relatives.


AI Image

## तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर विवाद पर हाईकोर्ट के फ़ैसले से नाराज़ विपक्ष का क़दम

# जजों को डराने के लिए लाए महाभियोग?


अवधेश कुमार

**मद्रास हाईकोर्ट** के जज जस्टिस जी. आर. स्वामीनाथन के विरुद्ध विपक्ष द्वारा संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की पहल अभूतपूर्व और ढंग करने वाली है। किसी जज के निर्णय या आदेश पर उसके खिलाफ महाभियोग लाने के लिए हमारे माननीय सांसद इस तरह एकजुट हो जाएंगे, इसकी कल्पना नहीं थी। अब इसके विरुद्ध 56 पूर्व जज सामने आ गए हैं, जिन्होंने एक खुले पत्र में इसे अदालत पर राजनीतिक, वैचारिक दबाव बनाने की कोशिश कहा है।

**क्या है मामला**
- तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर पर दीप जलाने की है परंपरा
- प्रशासन ने गड़बड़ी की आशंका से लगा दी रोक
- रोक के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर भड़कीं पार्टियां

**तीन अहम पहलू ।** इस प्रकरण के तीन प्रमुख पहलू हैं। पहला, न्यायमूर्ति स्वामीनाथन द्वारा दिया गया फैसला और उसकी पृष्ठभूमि। दूसरा, संबंधित विवाद की सच्चाई। तीसरा, महाभियोग प्रस्ताव के पीछे की सोच या विचारधारा। न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर पर दीप जलाने का एक आदेश 1 दिसंबर को दिया और फिर प्रशासन द्वारा उसका पालन न किए जाने पर तीखे शब्दों में दूसरा आदेश 4 दिसंबर को दिया।

**पुरानी परंपरा ।** दरअसल, तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर से संबंधित पत्थर स्तंभ-दीपथून पर दीपक जलाकर कार्तिगाई दीपम त्योहार मनाने की पुरानी परंपरा है। तमिल महीने कार्तिगाई (नवंबर-दिसंबर) में मनाए जाने वाले 'कार्तिगाई दीपम' उत्सव के तहत, हमेशा की तरह उच्ची पिल्लैयार मंदिर के मंडपम में दीप जलाने के लिए जब लोग जाने लगे तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। तिथि के अनुसार 3 दिसंबर को दीप जलाया जाना चाहिए था किंतु ऐसा नहीं हो सका। इसके बाद यह बड़ा मुद्दा बन गया और न्यायालय के समक्ष अवमानना याचिका डाली गई जिसके तहत यह आदेश आया।


AdobeStock



**17वीं सदी की दरगाह ।** तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी तमिलनाडु राज्य के मदुरै शहर से 10 किमी दूर है जिस पर यह मंदिर है। हिंदू मान्यताओं में यह भगवान मुरुगन या कार्तिकेय के छह निवास स्थानों में एक है। विवाद की मुख्य वजह पहाड़ी के ऊपरी भाग पर स्थित सिकंदर बधुशाह की दरगाह है। मंदिर समर्थकों की मान्यता है कि यह पूरी पहाड़ी शिवलिंग है जिसके बीच में भगवान मुरुगन का मंदिर है। सिकंदर बधुशाह की दरगाह 17वीं शताब्दी में बनी थी जबकि मंदिर का उल्लेख छठी शताब्दी तक मिलता है।

**नाम बदलने का आंदोलन ।** DMK के संस्थापक ईवी रामास्वामी नायकर यानी पेरियार की पूरी सोच सनातन या हिंदू धर्म के विरुद्ध थी। DMK की राजनीति इस हिंदू धर्म के विरोध पर टिकी है, जिसे कुछ लोग नास्तिकतावाद भी कहते हैं। हालांकि विडंबना देखिए कि उस नास्तिकतावाद में इस्लाम या ईसाइयत का विरोध नहीं है। तिरुप्परनकुंद्रम विवाद पिछले दिनों तब ज्यादा गहराया जब कुछ मुस्लिम संगठनों ने इसे सिकंदर मलाई पहाड़ी नाम देने की मांग कर आंदोलन शुरू किया।

**प्रशासन की रोक ।** इन कारणों से वहां तनाव की स्थिति बनी और मंदिर के सामान्य पूजा पाठ को छोड़ अन्य गतिविधियों को प्रशासन ने लगभग रोक दिया। ऐसा नहीं होता तो कार्तिकेय दीपम के लिए अदालत जाने की आवश्यकता ही नहीं होती। दक्षिण में भगवान मुरुगन सर्वाधिक पूजे जाने वाले देवताओं में हैं और इनको मानने वाले में समाज के पिछड़े वर्ग की संख्या ज्यादा है।

**अन्य विकल्प ।** पूरे विवाद को निष्पक्षता से देखने के बाद कौन क्या निष्कर्ष निकालता है, यह उसका अपना मामला है। किंतु कोई सरकार या पार्टी न्यायाधीश के फैसले से असहमत भी है तो क्या उसका रास्ता महाभियोग होगा? उच्च न्यायालय की एकल पीठ के विरुद्ध बड़ी पीठ में जाया जा सकता था। सुप्रीम कोर्ट का रास्ता भी खुला है। उस सबको छोड़कर महाभियोग प्रस्ताव लाने की कोशिश से लगता है कि तमिलनाडु सरकार ऐसा दबाव बनाना चाहती है जिससे आगे कोर्ट इस तरह के फैसले देने से डरे।

**लोकतंत्र के लिए खतरनाक ।** महाभियोग न्यायपालिका की ईमानदारी की रक्षा करने के लिए है, न कि जजों पर दबाव डालने या बदला लेने के लिए। महाभियोग को दबाव बनाने के हथियार की तरह इस्तेमाल करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। DMK की संकीर्ण एकपक्षीय तमिलवाद की अपनी राजनीति है लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, और तृणमूल कांग्रेस आदि का इस सवाल पर उसके साथ आना आने वाले समय में इन दलों के लिए और प्रतिकूल साबित हो सकता है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विचारक हैं)*

## कांटे की बात

वोट चोरी के मुद्दे से I.N.D.I.A. ब्लॉक का कोई लेना-देना नहीं है। हर दल को अपना राजनीतिक अजेंडा तय करने की छूट है। कांग्रेस SIR को मुद्दा बना रही है तो बनाए, हम कौन होते हैं ये कहने वाले कि वो ऐसा न करे।


उमर अब्दुल्ला, *जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री*

## AI की दुनिया

# इस लैब में इंसान नहीं, रोबॉट करेंगे काम

*गूगल की AI कंपनी डीपमाइंड ने ब्रिटेन में अपनी पहली पूरी तरह ऑटोमेटेड रिसर्च लैब खोलने का ऐलान किया है। इसमें AI और रोबॉट्स मिलकर वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे। इस लैब में इंसानों का दखल सिर्फ मॉनिटरिंग के स्तर तक होगा।*


AI Image

**एक दिन में कई टेस्ट**

**अभी साइंटिस्ट** पारंपरिक लैब में खुद रिसर्च करते हैं, जिसमें कई साल लग जाते हैं। डीपमाइंड की लैब में गूगल का Gemini मॉडल पूरी तरह इंटीग्रेट किया जाएगा, जो तय करेगा कि अगली रिसर्च क्या होगी। यहां रोबॉट्स सामग्री बनाएंगे, टेस्ट करेंगे और डेटा इकट्ठा करेंगे। लैब 2026 में शुरू होगी।

**एनर्जी और टेक्नॉलजी पर फोकस**

**लैब का** मुख्य फोकस नए मटीरियल्स पर होगा। इससे मेडिकल, रिन्यूएबल एनर्जी और कंप्यूटर टेक्नॉलजी को बदलने में मदद मिलेगी। डीपमाइंड के CEO और नोबेल पुरस्कार विजेता Demis Hassabis का मानना है ऑटोमेटेड रिसर्च लैब से AI से होने वाले बदलाव और तेज होंगे। *-प्रदीप तिवारी*

**जनता जंक्शन** — इरफान




# जब नीतीश ने कहा, नितिन तुम भी बोलने लगे?


प्रियरंजन भारती

बिहार विधानसभा का एक किस्सा बेहद चर्चित हुआ था। नीतीश कुमार तब महागठबंधन की सरकार का नेतृत्व कर रहे थे। किसी मुद्दे पर BJP विधायकों ने उनका विरोध किया, तो नितिन नवीन भी खड़े हो गए। बाकी BJP विधायकों का विरोध तो नीतीश को नहीं खला, लेकिन नितिन को उन्होंने टोक दिया, 'तुम भी बोलने लगे? तुम्हारे पिता हमारे इतने करीबी रहे, कभी ऐसा कुछ नहीं किया। हम उनकी कितनी मदद किए हैं।' नितिन तुरंत शांत होकर हट गए।

**पार्टी के साथ संयोग ।** बिहार में नितिन को शांत, सरल और संबंधों के प्रति समर्पित माना जाता है। देश के सबसे बड़े राजनीतिक दल BJP ने जब उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष चुना, तो सभी हैरान रह गए। यह संयोग है कि पार्टी और नितिन, दोनों का जन्म 1980 में हुआ था। उन्होंने कभी राजनीति को लक्ष्य नहीं बनाया, लेकिन पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के निधन के बाद हालात ऐसे बने कि वह सियासत में उतर पड़े।

**संकेत में संदेश ।** नितिन नवीन की नियुक्ति को बंगाल चुनाव की तैयारी से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। इससे एक दिन पहले ही पार्टी ने यूपी के प्रदेश अध्यक्ष का फैसला किया था। तब यही कयास थे कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्णय कुछ दिन और टलेगा। नवीन की नियुक्ति में छिपे संदेशों को पढ़ने की कोशिश की जा रही है। एक संकेत तो यह मिलता है कि पार्टी आने वाले समय में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दिखाई दिशा पर चलेगी।

**युवा भागीदारी ।** इस नियुक्ति का एक और संकेत है कि पार्टी में जेनरेशन नेक्स्ट का समय शुरू हो चुका है। हर स्तर पर युवा भागीदारी बढ़ती दिख रही है। लंबे समय से संघ और संगठन के बीच समन्वय की बातें चल रही थीं। बतौर अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यकाल को विस्तार मिला था और संघ की तरफ से बार-बार निर्देश मिल रहे थे। इस बीच कई नाम चर्चा में उठे। लेकिन, मोदी और शाह की जोड़ी ने सारे अनुमानों को ध्वस्त करते हुए सवर्ण समाज से ऐसे युवा नेता को चुना है, जो अत्यधिक विनम्रतावश कभी शिखर नेतृत्व का अनादर और उपेक्षा नहीं कर पाएगा।

## कॉमन रूम



**बिहार की चमक ।** BJP की परंपरागत शैली पर नजर डालें तो कार्यकारी अध्यक्ष औपचारिक चुनाव के बाद अध्यक्ष पद धारण कर लेता है। लिहाजा पार्टी ने परंपराओं का पालन बखूबी कर लिया। जिस कायस्थ समाज से नितिन आते हैं, उसकी आबादी 2023 में कराई गई जातीय गणना के मुताबिक बिहार में मात्र 0.6% है। इस हिसाब से बिहार में केवल 7.85 लाख कायस्थ हैं। हालांकि जाति के संगठनों का दावा है कि केवल पटना में ही 10 लाख कायस्थ रहते हैं। आंकड़ों की हकीकत कुछ और भी हो सकती है, पर इतना तय है कि विधानसभा चुनाव में मिली जबरदस्त जीत के साथ BJP ने राष्ट्रीय स्तर पर भी बिहार के संदेश की धमक दिखाने में देर नहीं की।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

# बॉस का टारगेट नहीं, मन में शांति न होना है समस्या

हरीश बड़थ्वाल

**पर्वतों की** सुरम्य चोटियां, किनारों से टकराकर बिखरती समुद्री लहरें या सुनहरे रेगिस्तान की अनंत छटाएं अक्सर भीतर तक स्पर्श करती हैं। लोग कहते हैं कि उस क्षण की शांति को शब्दों में बांधना मुश्किल है। ऐसा लगता है मानो समय और स्थान से परे कोई मौन सत्ता हमारे भीतर उतर आई हो। लेकिन क्या यह शांति केवल असाधारण प्राकृतिक दृश्यों में ही संभव है? क्या वर्कप्लेस के लक्ष्य, मीटिंग, डेडलाइन और परफॉर्मेंस में यह अनुभूति नहीं?

आज का जीवन पूरी तरह टारगेट बेस्ड हो गया है। मासिक लक्ष्य, वार्षिक मूल्यांकन, KPI, प्रमोशन और बोनस - हर कदम सफलता के आकार और तुलना में बंधा है। एक लक्ष्य पूरा होने से पहले ही अगला लक्ष्य सामने खड़ा होता है। क्या हासिल किया उसका उत्सव मनाने का समय नहीं मिलता, क्योंकि मन पहले ही अगले पड़ाव की ओर दौड़ता है। यही निरंतर दौड़ बर्नआउट और मानसिक थकान को जन्म देती है। समस्या काम की अधिकता नहीं, बल्कि यह भावना है कि हम कभी पर्याप्त नहीं होते। उपलब्धि-प्रधान समाज स्वतंत्रता नहीं, बल्कि मानसिक थकान और अवसाद पैदा करता है। जब व्यक्ति स्वयं ही अपना बॉस बन जाता है और लगातार प्रदर्शन के दबाव में रहता है, तो वह अनजाने में स्वयं का शोषण करता है। इसी दौड़ में हम कुछ धारणाएं बिना जांचे-परखे स्वीकार कर लेते हैं, जैसे रुकना असफलता है, संतोष पिछड़ापन है, और शांति केवल छुट्टी या यात्रा में ही मिल सकती है। ये धारणाएं धीरे-धीरे मन का स्वभाव बन जाती हैं।

**THE SPEAKING TREE**
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

जीवन में द्वंद्व स्वाभाविक है, पर यह विनाशकारी तब बनता है जब हम हर परिस्थिति को केवल परिणाम के चश्मे से देखने लगते हैं। ट्रैफिक जाम, बॉस की टिप्पणी या किसी प्रोजेक्ट का दबाव उतने भारी नहीं जितना हमारी प्रतिक्रिया उन्हें बनाती है। लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए यदि मन शांत न रहे, तो सफलता भी थकान बन जाती है। असली आनंद उन्हीं को मिलता है जो लक्ष्य साधते हुए भी स्वयं से जुड़े रहते हैं और भीतर की शांति बनाए रखते हैं।

# 'वोट चोरी' पर कांग्रेस का गेमप्लान

हेमंत राजौरा

**दिल्ली में** कांग्रेस की ओर से रविवार को आयोजित रैली केवल राजनीतिक प्रदर्शन नहीं थी। यह पार्टी की मौजूदा रणनीति, आंतरिक मनोबल और लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर उसके रुख का स्पष्ट संकेत भी थी। रैली के केंद्र में कथित वोट चोरी और चुनावी प्रक्रिया में हेराफेरी का आरोप रहा। मंच के सामने लगाए गए पांच करोड़ से अधिक हस्ताक्षर संकेत दे रहे थे कि कांग्रेस इस मुद्दे को देशव्यापी आंदोलन बनाना चाहती है। ये हस्ताक्षर अलग-अलग राज्यों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम लोगों से संवाद कर जुटाए हैं।

## हौसला बढ़ाने की कोशिश

रैली का अहम उद्देश्य चुनाव आयोग और चुनावी व्यवस्था की निष्पक्षता पर उठाए जा रहे सवालों को व्यापक चर्चा का विषय बनाना था।

दूसरा मकसद, संगठन के भीतर फैली निराशा को दूर करना था। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन के बावजूद हरियाणा, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में मिली हार ने कार्यकर्ताओं के मनोबल को प्रभावित किया है। रैली से पार्टी ने संदेश दिया कि इस हार की वजह संगठन की कमजोरी नहीं, बल्कि चुनावी प्रक्रिया में हुई गड़बड़ियां हैं।



प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि BJP ने वोट चोरी कर बिहार में जीत हासिल की है। उन्होंने संघर्ष, धैर्य और जमीनी सक्रियता पर जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस की लड़ाई सत्ता के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है।

राहुल गांधी ने भी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष लंबा जरूर है, लेकिन सत्य के रास्ते पर चलकर पार्टी आखिरकार सफल होगी और हम इस सरकार को सत्ता से हटाएंगे। उनके ऐसे वाक्य कार्यकर्ताओं के लिए वैचारिक संबल हैं। राहुल ने विश्वास दिलाया कि डर, दबाव और कथित गड़बड़ियों के बावजूद सच की ताकत अंततः राजनीतिक बदलाव का कारण बनेगी।

**विशुद्ध राजनीति — कसौटी**

रैली कांग्रेस की दबाव की राजनीति का हिस्सा भी है। पार्टी जानती है कि चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्थान पर सीधे आरोप लगाना आसान नहीं है, लेकिन लगातार दबाव बनाए रखकर और सार्वजनिक बहस के जरिए वह राजनीतिक विमर्श को अपने पक्ष में मोड़ सकती है। यदि वोट चोरी का मुद्दा लंबे समय तक चर्चा में बना रहता है, तो यह आगामी विधानसभा चुनावों और 2029 लोकसभा चुनाव में उसके लिए मजबूत हथियार बन सकता है। साथ ही, यह BJP को रक्षात्मक स्थिति में लाने की कोशिश भी है।

## कांग्रेस के लिए जोखिम

हालांकि, इस रणनीति के साथ जोखिम भी जुड़े हैं। बार-बार चुनावी हार को संस्थागत गड़बड़ियों से जोड़ने पर यह आरोप लग सकता है कि कांग्रेस आत्ममंथन से बच रही है। यदि पार्टी इन आरोपों के साथ ठोस सबूत, कानूनी लड़ाई या चुनावी सुधारों का स्पष्ट रोडमैप पेश नहीं कर पाती तो यह नैरेटिव कमजोर पड़ सकता है। यह धारणा भी बन सकती है कि विपक्ष हर हार के बाद संस्थाओं पर सवाल उठाता है। इसलिए यह मुद्दा छोटी अवधि में कांग्रेस को वैचारिक धार जरूर दे सकता है, लेकिन लंबी अवधि में इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि पार्टी इसे कितनी विश्वसनीयता, प्रमाण और सकारात्मक राजनीतिक अजेंडे के साथ आगे बढ़ा पाती है।

## रीडर्स मेल

### भविष्य की रणनीति

**यह पत्र** 15 दिसंबर के संपादकीय 'युवा हाथों में कमान' से संबंधित है। BJP में यह नियुक्ति पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव और भविष्य-केंद्रित रणनीति का संकेत देती है। नितिन नवीन का चयन यह दर्शाता है कि पार्टी अब अनुभव के साथ ऊर्जा और संगठनात्मक प्रदर्शन को भी समान महत्व दे रही है। हालांकि कार्यकारी अध्यक्ष का पद औपचारिक रूप से अस्थायी है, लेकिन राजनीतिक संदेश स्पष्ट है। अब असली परीक्षा आने वाले विधानसभा चुनावों में संगठन को एकजुट रखते हुए चुनावी सफलता दोहराने की होगी।

**मनोहर यादव**, नोएडा

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

[illegible]

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP7 User: cci Time: 12-15-2025 21:10 Color:



पहलगाम हमले में दायर की गई चार्जशीट

# मारे गए थे 25 टूरिस्ट, NIA ने लश्कर को भी बनाया आरोपी

NBT 3 मिनट में पढ़ें

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में एनआईए ने सोमवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। चार्जशीट में पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (LeT) और इसके शैडो संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (TRF) के खिलाफ भी आरोप लगाए गए हैं।

चार्जशीट में पाकिस्तानी हैंडलर आतंकवादी साजिद जट्ट उर्फ हबीबुल्ला मलिक उर्फ साजिद लंगड़ा को भी आरोपी बनाया गया है, जो पाकिस्तान के इस्लामाबाद में बैठा हुआ है। एजेंसी अधिकारियों ने बताया कि साजिद पीओके में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का ऑपरेशनल कमांडर है। वह जम्मू-कश्मीर में लश्कर के शैडो संगठन टीआरएफ की कमान संभाल रहा है। वह पाकिस्तान में नौजवानों को बरगलाकर आतंकी ट्रेनिंग देता है, फिर भारत में आतंकी हमले कराता है। लश्कर का यह मॉड्यूल पीओके के कोटली में है। लश्कर के इस मॉड्यूल को 'कोटली विंग' के नाम से भी जाना जा रहा है। इसका राइट हैंड पाकिस्तान में बैठा रफीक नाई उर्फ सुल्तान है। इसका एक और साथी रियाज अहमद है जो कि पीओके मीरपुर-कोटली में बैठा है।

File



पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 25 टूरिस्ट मारे गए थे।

- चार्जशीट में भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए दंडात्मक धारा भी लगाई गई है।
- करीब 8 महीने चली जांच में हमले की साजिश के तार पाकिस्तान तक खोज निकाले गए।

एनआईए ने चार्जशीट में पहलगाम टेरर अटैक को धर्म के आधार पर पाकिस्तान प्रायोजित हमला बताया। 1597 पेज की चार्जशीट में एनआईए ने अपनी चार्जशीट में पाकिस्तान की साजिश, आरोपियों की भूमिका और मामले में सहायक सबूतों का विवरण दिया है। इसमें आतंकवादी संगठन LeT/TRF को पहलगाम हमले की योजना बनाने, सुविधा प्रदान करने और उसे अंजाम देने में उसकी भूमिका के लिए आरोपी बनाया है।

जम्मू की एनआईए विशेष अदालत के समक्ष सोमवार को यह चार्जशीट दाखिल की गई। एनआईए के आरोप पत्र में इन तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी शामिल हैं, जो इस घातक आतंकी हमले के कुछ सप्ताह बाद जुलाई 2025 में श्रीनगर के दाचीगाम में 'ऑपरेशन महादेव' की कार्रवाई के दौरान भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। चार्जशीट में एनआईए ने आरोपियों के खिलाफ भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए दंडात्मक धारा भी लगाई है। इस मामले में करीब आठ महीनों तक चली साइंटिफिक जांच के माध्यम से एनआईए ने हमले की साजिश के तार पाकिस्तान तक खोज निकाले हैं, जो भारत के खिलाफ लगातार आतंकवादियों को प्रायोजित कर रहा है।

# भविष्य में बदलेगा जॉब पैटर्न, बंद होगा 9 से 5 तक का चलन: सुधांशु त्रिवेदी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

नई दिल्ली में नवभारत टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल्स कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर सोमवार को आयोजित 'EDUVISION-2025' में बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भारत की शिक्षा-व्यवस्था वैश्विक स्तर पर एक अलग मुकाम हासिल कर रही है। आत्मनिर्भर भारत आज गुलामी की मानसिकता की जंजीरें तोड़ रहा है।

> कहा, हम 50% संभावना पर दांव नहीं लगाते, 0.001% पर दांव लगाते हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि यूपीएससी परीक्षा में सफलता की दर 0.001 फीसदी है। इसके लिए स्टूडेंट्स पूरी ताकत लगाते हैं, कर्ज लेते हैं, जमीन-जायदाद गिरवी रख रहे हैं। उतना ही पैसा उद्यमिता (entrepreneurship) या छोटे बिजनेस (जैसे मुद्रा योजना) में लगाया जाए तो सफलता की संभावना इससे कहीं अधिक 50% है। लेकिन, हम 50 प्रतिशत संभावना पर दांव नहीं लगाते, हम 0.001% पर दांव लगाते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक मानसिकता और डर है।

## कहा- 18 से 33 की उम्र जिंदगी का प्राइम टाइम

उन्होंने हाल ही में बिहार में आयोजित विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि एक राजनीतिक पार्टी ने दावा किया कि वे हर घर के बच्चे को सरकारी नौकरी देंगे। आपको इस मानसिकता को समझना होगा। हम अभी भी उस 'कैप्टिव माइंडसेट' के शिकार हैं, जिसमें एकमात्र लक्ष्य सरकारी नौकरी है, जबकि 18 से 33 साल की उम्र जिंदगी का 'प्राइम टाइम' होता है। जब आप नए स्किल सीख सकते हैं, रिस्क ले सकते हैं, इनोवेशन कर सकते हैं। वह सारा समय आप केवल एक बंधी-बंधाई इनकम पाने की कोशिश में लगा देते हैं और हाथ क्या लगता है? अगर स्किल नहीं सीखी तो 75 साल तक जब तक शरीर और दिमाग चले, मजदूरी ही करनी पड़ेगी। जबकि दुनिया के किसी भी विकसित देश में युवा सरकारी नौकरी के पीछे नहीं भागते, चीन में भी नहीं। अगर भारत को दुनिया का आर्थिक लीडर बनना है तो हमारे अंदर जो हुनर (स्किल) की क्षमता थी। उसे उभारना होगा।



नवभारत टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 'EDUVISION-2025' में BJP के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी।

### 'आप काबिल हैं तो एक महीने का काम 10 दिन में करके 20 दिन घूम सकते हैं'

उन्होंने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और भविष्य में और तेजी से बढ़ते जा रहे क्वांटम कंप्यूटर युग की बात करते हुए कहा कि भविष्य में 5G और 6G रोलआउट होने के बाद नौकरियों के मायने पूरी तरह बदल जाएंगे। आज घर बैठे ही नौकरियां हो रही हैं, क्योंकि तकनीक ने इसे सफल बनाया है। भविष्य में 9 टु 5 वाली नौकरी का अर्थ खत्म हो जाएगा। 75 फीसदी काम 'जॉब-ओरिएंटेड' (काम आधारित) होगा। अगर आप काबिल हैं तो आप 10 दिन काम करके एक महीने का काम खत्म कर सकते हैं और बाकी 20 दिन घूम सकते हैं। नौकरी की जगह का कॉन्सेप्ट ही बदल जाएगा।

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में पत्रकार को SC से अंतरिम ज़मानत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गुजरात बेस्ड पत्रकार महेश लांगा को ईडी द्वारा अहमदाबाद में दर्ज कथित वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अंतरिम जमानत दे दी। बेंच ने मामले में विशेष अदालत को कहा कि वह डे टु डे ट्रायल करें और पत्रकार से कहा कि वह सुनवाई के दौरान किसी भी प्रकार का स्थगन न लें।

शीर्ष अदालत ने लांगा को अपने खिलाफ लंबित (सब-जुडिस) मामले पर किसी भी अखबार में कोई लेख न लिखने का निर्देश दिया। बेंच ने कहा कि आदेश की शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में जमानत रद्द करने पर विचार किया जा सकता है। ED की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जमानत का विरोध किया। अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी।

# थाइलैंड में भी हो सकती है लूथरा बंधुओं पर सुनवाई

■ भाषा, बैंकॉक

गोवा के जिस नाइटक्लब में 6 दिसंबर को आग से 25 लोगों की मौत हुई थी, उसके सह-मालिकों गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा से जुड़े मामले की थाइलैंड की अदालत में सुनवाई होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, मामले में आगे की कार्रवाई को लेकर बैंकॉक की एक अदालत द्वारा फैसला किए जाने की संभावना है। उत्तर गोवा के अरपोरा में स्थित 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब के सह-मालिक लूथरा बंधु आग लगने की घटना के तुरंत बाद थाइलैंड के फुकेट चले गए थे। उनके खिलाफ इंटरपोल का 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी किया गया है। 11 दिसंबर को फुकेट में लूथरा बंधुओं को हिरासत में लिया गया था।

### दीवानी मुकदमा जनहित याचिका में तब्दील

■ भाषा, पणजी : बंबई हाई कोर्ट की गोवा पीठ ने राज्य के अरपोरा स्थित रोमियो लेन के बिर्च रेस्तरां के खिलाफ दायर एक दीवानी मुकदमे को सोमवार को जनहित याचिका (पीआईएल) में परिवर्तित कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के मामलों में किसी न किसी को तो जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। पीठ ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि स्थानीय पंचायत क्लब को लेकर स्वतः संज्ञान लेने में विफल रही है और शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की।

ncrtc राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि.
(भारत सरकार एवं प्रतिभागी राज्य सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम)
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं
एनआईटी सं: डीकेएमुडीसीओआर-ओएफ/10 निविदा आईडी: 2025_एनसीआरटीसी_245258_1
टीपीबीडीएल की 33 केवी, 11 केवी, एलटी विद्युत यूटिलिटी की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग/ स्थानांतरण/संशोधन और दिल्ली-पानीपत-करनाल नमो भारत कॉरिडोर में मलवाय से नरेला तक स्थित स्ट्रीटलाइटों का विखंडन/स्थानांतरण (चै. 20770-33800) के लिए।
एनआईटी सं: डीकेएमुडीसीओआर-ओएफ/09 निविदा आईडी: 2025_एनसीआरटीसी_245257_1
टीपीबीडीएल की 33 केवी, 11 केवी, एलटी विद्युत यूटिलिटी की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग/ स्थानांतरण/संशोधन और दिल्ली-पानीपत-करनाल नमो भारत कॉरिडोर में कश्मीरी गेट से मलवाय तक स्थित स्ट्रीटलाइटों का विखंडन/स्थानांतरण (चै. 9650 से 20770) के लिए।
विस्तृत जानकारी एवं अनुवर्ती परिशिष्ट/शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) के लिए कृपया एनसीआरटीसी वेबसाइट www.ncrtc.in या सीपीपी पोर्टल www.etenders.gov.in/eprocure/app को 16.12.2025 से 19.01.2026 (1500 बजे तक) देखें। हस्ता- ईडी/प्रोक्योरमेंट

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
निगम के स्वामित्व वाले और निगम द्वारा संचालित रिटेल आउटलेट्स (COCO) के लिए सेवा प्रदाता की नियुक्ति हेतु सूचना
भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने दिल्ली राज्य में विभिन्न स्थानों पर अपने निगम के स्वामित्व वाले एवं निगम संचालित रिटेल आउटलेट्स (COCO) पर कर्मचारी तथा विभिन्न सेवाएं प्रदान करने के लिए सेवा प्रदाता की नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा है। विस्तृत विज्ञापन, दिशानिर्देश / विवरणिका और आवेदन प्रपत्र हमारी वेबसाइट https://www.bharatpetroleum.in/Bharat-Petroleum-For/Business-Associates/COCO.aspx पर उपलब्ध है और इसे डाउनलोड भी किया जा सकता है। पूर्णरूप से भरे हुए आवेदन पत्र विस्तृत विज्ञापन में दर्शाए गए कार्यालय में दिनांक 16.01.2026, 1700 बजे तक अवश्य पहुंच जाने चाहिए। यदि कोई शुद्धिपत्र हो, तो उपरोक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
MAK LUBRICANTS
Bharat Petroleum Aviation Service
एनरजाइज़िंग लाइव्स; एनरजाइज़िंग नया भारत

दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड
आपूर्ति भवन 7-9, आराम बाग, नई दिल्ली-110055
(एनसीटी की दिल्ली सरकार के अधीन संस्था)
ई प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
निविदा आई.डी संख्या
2025_डी.एस.सी.एस.सी_ 282680_1
अग्रणी ठेकेदारों से दिल्ली / नई दिल्ली में स्थित लिकर वेंडस के खाली कार्टूनों की बिक्री / उठान के लिए 1 वर्ष के लिए, निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज वेबसाइट से http://govtprocurement.delhi.gov.in दिनांक 24.12.2025 दोपहर 11:30 तक डाउनलोड किये जा सकते है।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय : 24-12-2025 को दोपहर 11:30 बजे तक
तकनीकी निविदा खुलने की तिथि व समय : 24-12-2025 को दोपहर 03:00 बजे तक
वित्तीय निविदा खुलने की तिथि व समय : 24-12-2025 को दोपहर 03:00 बजे तक
एसडी /-
महा प्रबंधक
DIP/Shabdarth/Classified/0372/25-26

Jawahar / Modi Style
JACKETS
& SUITS • BLAZERS
upto 60% off
Formal • Casual • Party wear
By Economy Sales: 9212758025
ARROW | Raymond | PARK AVENUE | LOUIS PHILIPPE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

सिडको
51.24 हेक्टेयर भूमि
का पट्टा
आवासीय टाउनशिप के निर्माण हेतु
केलवे रोड, पालघर में
ई-निविदा सह ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से
योजना क्र.: एमएम/४९/२०२५-२६
सिडको पात्र आवेदकों से केलवे रोड, पालघर में आवासीय टाउनशिप परियोजना के निर्माण हेतु 51.24 हेक्टेयर (लगभग 126.62 एकड़) भूमि के पट्टे के लिए ई-निविदा सह ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करता है। योजना की विस्तृत जानकारी जिसमें समय-सारणी भी शामिल है, वेबसाइट पर उपलब्ध है:
https://eauction.cidcoindia.com
समय-सारणी
- क्लोज बिड के लिए दस्तावेज शुल्क का भुगतान 18.12.2025 को सुबह 11.00 बजे शुरू होगा और 19.01.2026 को रात 23.59 बजे तक जारी रहेगा।
- क्लोज बिड के लिए ईएमडी शुल्क का भुगतान 18.12.2025 को सुबह 11.00 बजे शुरू होगा और 19.01.2026 को रात 23.59 बजे तक जारी रहेगा।
- ऑनलाइन योजना पुस्तिका 18.12.2025 से उपलब्ध होगी।
- आवेदक अपने प्रश्न मार्केटिंग मैनेजर (कमर्शियल) के ई-मेल आईडी mm.commercial@cidcoindia.com पर 18.12.2025 से 24.12.2025 तक ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं।
- कॉर्पोरेशन इन प्रश्नों का उत्तर 31.12.2025 को ऑनलाइन शुद्धिपत्र के रूप में देगा।
- क्लोज बिड जमा करने की प्रक्रिया 18.12.2025 को सुबह 11.00 बजे शुरू होगी और 19.01.2026 को रात 23.59 बजे समाप्त होगी।
- ई-नीलामी के लिए दस्तावेज शुल्क का भुगतान 18.12.2025 को सुबह 11.00 बजे शुरू होगा और 20.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक जारी रहेगा।
- ई-नीलामी के लिए ईएमडी का भुगतान 18.12.2025 को सुबह 11.00 बजे शुरू होगा और 20.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक जारी रहेगा।
- ऑनलाइन ई-नीलामी 20.01.2026 को सुबह 11.00 बजे शुरू होगी और 20.01.2026 को शाम 18.00 बजे तक जारी रहेगी।
- परिणाम की घोषणा 21.01.2026 को दोपहर 15.00 बजे की जाएगी।
विवरण के लिए, मार्केटिंग मैनेजर (कमर्शियल), तीसरी मंजिल, रायगढ़ भवन, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई- 400614 के कार्यालय से संपर्क करें।
मार्केटिंग मैनेजर (कमर्शियल)
CIN-U99999 MH 1970 SGC-014574 www.cidco.maharashtra.gov.in सिडको/जनसंपर्क/४५०/२०२५-२६



8 www.nbt.in
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर।
मंगलवार, 16 दिसंबर 2025

# NBT GOOD न्यूज़

**अचानक मूड स्विंग से बचाए मुस्कान**

मुस्कुराने वाले लोग अचानक मूड स्विंग से कम प्रभावित होते हैं। हार्मोन संतुलित रहते हैं और अचानक गुस्सा या उदासी कम महसूस होती है।

## विचार

मुस्कान एक रोशनी है जो दूसरों के जीवन के अंधेरे को दूर कर देती है। यह प्यार, सुकून और उम्मीद का संदेश देती है। इससे बांटकर जीवन और भी सुंदर बनता है।
– मदर टेरेसा (Mother Teresa)

## ज़रा हंस लें

**पप्पू :** मां सारे खिलौने बेड के नीचे छिपा दो।
**पप्पू की मां :** क्यों...? **पप्पू :** क्योंकि मेरा दोस्त डब्बू आ रहा है। **पप्पू की मां :** डब्बू खिलौने चुरा लेगा क्या?
**पप्पू:** नहीं, वह अपने खिलौने पहचान लेगा...

## कविता : प्रकृति की पुकार

तरु बोले- जिन्हें हम जिंदगी भर
जिंदगी देते रहे,
वही हमें खत्म करते रहे।
पक्षी बोले- मेरा परिवार मेरा संसार

सब कुछ मुझसे छीन लिया,
इंसानों तुमने मुझे मेरे ही
घर से बेघर कर दिया।
प्रकृति बोले- धरा को मां कहते हो

तो मां का सम्मान करो,
इंसानों मुझपर ना ऐसा अत्याचार
करो।
आधुनिकता के दौर में

मुझसे नाता मत लेना तोड़,
मुझसे ही तुम सब और तुम से ही मैं हूं,
अभी नहीं हुई देर, सवेरा अभी बाकी है
तो अपने कदम मेरी ओर मोड़।

– लक्ष्मी गुप्ता, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

# स्पेशल शेफ का हुनर वाला ज़ायका

## एक महीने तक किचन की बनावट को पूरी तरह अपने दिमाग में उतारा

■ आशा प्रकाश, मुस्कान अहमद

**चेन्नै:** कहते हैं कि अगर हौसला बुलंद हो, तो आंखों की रोशनी कम होने से सपने धुंधले नहीं होते। चेन्नै में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) के सिरुसेरी कैंपस के अंदर बने 'ब्लाइंड बेक कैफे' की कहानी कुछ ऐसी ही है। यहां ओवन चालू होने से पहले ही एक अलग तरह की तैयारी शुरू हो गई थी। 20 साल के मधेश एम, जो देख नहीं सकते, उन्होंने और उनके साथियों ने पूरे एक महीने तक रसोई के हर कोने को महसूस किया। उन्होंने याद किया कि स्टोव कहां है, मिक्सर कहां रखा है और ओवन की दूरी कितनी है। मधेश कहते हैं कि जब हमने किचन की बनावट को अपने दिमाग में उतार लिया, तभी हमने खाना बनाना शुरू किया।




यह कैफे पूरी तरह से दृष्टिबाधित लोगों की ओर से चलाया जाता है, जिन्हें नैशनल ब्लाइंड असोसिएशन (NBA) ने ट्रेनिंग दी है। दिल्ली में तीन महीने के कड़े प्रशिक्षण के बाद, अब ये शेफ पूरी तरह आत्मनिर्भर हैं। किचन में उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है। जमीन पर 'टैक्टाइल पैविंग' (स्पर्श वाली टाइलें) हैं, गैस के चूल्हों पर गार्ड लगे हैं और ओवन पर ब्रेल लिपि (Braille) का इस्तेमाल किया गया है। मधेश भावुक होकर कहते हैं कि पहले मुझे लगता था कि विकलांगता एक चुनौती है और मैं बस पैसों के लिए कोई भी काम करने को तैयार था। लेकिन यहां मैंने बेकिंग के लिए अपना प्यार ढूंढा। अब मैं सिर्फ नौकरी नहीं करता, मैं अपनी खुशी चुनता हूं।



### स्पेशल बच्चों के लिए खास कैफे

चेतपेट में इस वीकेंड एक और खूबसूरत जगह खुलने जा रही है 'कुकुई' (Kukui)। इसे 'कारे थेरेपी सेंटर' की डायरेक्टर कल्पना डी कुमार की ओर से शुरू किया गया है। यह सिर्फ एक कैफे नहीं, बल्कि बच्चों के लिए एक प्ले-सेंटर भी है। कल्पना बताती हैं कि हम एक ऐसा माहौल चाहते थे जहां स्पेशल बच्चों के माता-पिता काम कर सकें और उनके बच्चे गैजेट्स से दूर रहकर कुछ सीख सकें। यहां का स्टाफ ऑटिज्म से प्रभावित है। कल्पना का मानना है कि मुख्य शेफ और सुपरवाइजर को इन कर्मचारियों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए, तभी सही मायने में बदलाव आएगा। आज ये कैफे केवल खाना और ड्रिंक्स नहीं परोस रहे, बल्कि समाज को यह बता रहे हैं कि अगर थोड़ा सा साथ और सही ट्रेनिंग मिले, तो हर कोई अपनी एक अलग पहचान बना सकता है। यहां की हर कुकी और कॉफी का कप संघर्ष और जीत की एक अनकही दास्तां सुनाता है।

### मेहनत की कमाई से स्वाभिमान की जिंदगी

समावेशी रोजगार की यह लहर सिर्फ एक कैफे तक सीमित नहीं है। 'प्राइटर्स कैफे' जैसे संस्थान सालों से हर आउटलेट पर मेंटल हेल्थ की समस्याओं से जूझ रहे एक व्यक्ति को रोजगार दे रहे हैं। विद्यासागर संस्था की संस्थापक पूनम नटराजन पिछले कई साल से युवाओं को कैफे में काम करने की ट्रेनिंग दे रही हैं। अब तक 9 लोग 'म्यूजियम ऑफ पॉसिबिलिटीज' कैफे, सरकारी गेस्ट हाउस और 'कलैगनार सेंटेनरी पार्क' जैसे स्थानों पर काम कर रहे हैं। वे पिज्जा और सैंडविच बनाते हैं और अपनी मेहनत की कमाई से स्वाभिमान की जिंदगी जी रहे हैं।

# 21 महीने की वेदा ने तैराकी में बनाया रेकॉर्ड



**100** मीटर की दूरी 10 मिनट और 8 सेकंड में पूरी कर इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड में नाम दर्ज कराया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: जिस उम्र में बच्चे ठीक से चलना भी नहीं सीखते और लड़खड़ाकर गिर जाते हैं, उस नन्ही सी उम्र में महाराष्ट्र के रत्नागिरी की वेदा परेश सरफरे ने पानी में इतिहास रच दिया है। महज 1 साल, 9 महीने और 10 दिन की वेदा ने इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराकर सबको चौंका दिया है। इस नन्ही जलपरी ने 1 नवंबर, 2025 को म्युनिसिपल स्विमिंग पूल में 100 मीटर की दूरी (4 लैप्स) सिर्फ 10 मिनट और 8 सेकंड में पूरी की। रिकॉर्ड्स कमिटी ने भी माना कि वेदा का यह हुनर बेमिसाल है। यह सफर तब शुरू हुआ जब वेदा सिर्फ 9 महीने की थी और अपने बड़े भाई को पूल में तैरते हुए देखती थी। कोच महेश मिलके और उनकी पत्नी गौरी ने उन्हें तराशना शुरू किया। पिता परेश और उनकी मां के अटूट सहयोग ने इस सपने को सच कर दिया। कोच महेश कहते हैं कि कड़ी मेहनत से इस 21 महीने की बच्ची ने पूरे देश में अपनी छाप छोड़ी है, यह हमारे लिए गर्व का पल है।

### मस्कट यात्रा पर होगा रवाना

# 5वीं सदी के जहाज़, जैसा 'कौंडिन्य'... बिना कील, लकड़ी, रस्सियों से तैयार

Newton.Sequeira@timesofindia.com



■ **पणजी:** 5वीं सदी के प्राचीन भारतीय व्यापारी जहाज की हूबहू रेप्लिका, INSV कौंडिन्य, ने शनिवार को कर्नाटक के नेवी अड्डे INS कदंबा से अपनी यात्रा शुरू कर दी। यह अनोखा लकड़ी का जहाज गोवा के दिवर आइलैंड पर पूरी तरह पारंपरिक तरीके से हाथों से तैयार किया गया है। फिलहाल यह जहाज 8 दिन की यात्रा पर पोरबंदर के लिए रवाना हुआ है, जहां से यह अपना पहला ऐतिहासिक समुद्री अभियान ओमान के मस्कट के लिए शुरू करेगा।




नेवी के अनुसार, मस्कट की यात्रा दिसंबर के अंत में शुरू होगी। यह अभियान प्राचीन समुद्री व्यापार मार्गों को दोहराएगा, जिनसे कभी भारत से मसाले, हाथीदांत और कपास अरब देशों तक पहुंचाए जाते थे। जहाज पर 16 सदस्यीय चालक दल मौजूद है, जो पोरबंदर से ओमान तक की पूरी यात्रा करेगा।

INSV कौंडिन्य लगभग 20 मीटर लंबा है और इसे बनाने में एक भी आधुनिक कील का इस्तेमाल नहीं किया गया। जहाज को नारियल के रेशे से बनी रस्सियों से सिलकर तैयार किया गया, जिन्हें मछली के तेल और कुडलम पेड़ के रस में भिगोकर मजबूत बनाया गया। इसे 21 मई को औपचारिक रूप से भारतीय नेवी में शामिल किया गया था और मॉनसून के बाद इसके कई परीक्षण और प्रशिक्षण अभियान चलाए गए।

इस जहाज के निर्माण की प्रेरणा अजंता की गुफाओं में बनी 5वीं सदी की जहाज पेंटिंग से मिली। संजीव सान्याल के सुझाव पर नेवी और केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने मिलकर इसे तैयार किया। चालक दल को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है और पूरी यात्रा पारंपरिक तकनीक और प्राचीन नियमों के अनुसार होगी। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने भी परीक्षण के दौरान जहाज पर यात्रा की और समुद्र की कठिन हालात का अनुभव किया।



# बर्फ की सल्तनत का मुस्कुराता बादशाह

चीन के हरबिन में कुन्लो म्यूज़िक पार्क की ठंडी हवाओं के बीच एक विशाल स्नोमैन तैयार किया गया है। सिर पर लाल टोपी और गले में मफलर लपेटे, इसकी मुस्कान कड़ाके की ठंड में भी देखने वालों के दिलों में गर्माहट भर रही है। वर्कर्स इसे फाइनल टच देने में जुटे हैं।


AFP

# पारसी समुदाय ने मनाया एकता का शतक

Meghna.Dhulia@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली में पारसी समुदाय का शताब्दी समारोह भावुक और यादगार पल बन गया। यह आयोजन सिर्फ 100 साल पूरे होने का जश्न नहीं था, बल्कि समुदाय की एकजुटता, संस्कृति और अपनत्व की झलक भी था। दिल्ली पारसी अंजुमन, 1925 में स्थापित, एक ऐसा संगठन है जो शहर के पारसियों को जोड़ता और उनकी संस्कृति को बचाए रखता है। अंजुमन बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित अपने परिसर से समुदाय की धड़कन बना हुआ है।


बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित अंजुमन परिसर दिल्ली में पारसियों का केंद्र है

अंजुमन परिसर में मुग्गी पारसी धर्मशाला, भीवंडीवाला हॉल, पारसी कैंटीन और पवित्र अग्नि मंदिर मौजूद हैं। धर्मशाला में सदस्य ठहर सकते हैं, हॉल में सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं और कैंटीन पारसी व्यंजनों को जीवित रखती है। अंजुमन के अध्यक्ष आदिल नर्गोलवाला ने कहा कि जो कुछ आज दिख रहा है, वह पीढ़ियों की मेहनत और एकता का नतीजा है। भाषा, भोजन, संस्कृति और धर्म हमें जोड़ते हैं।" दिल्ली में करीब 500 पारसी रहते हैं, लेकिन आपसी रिश्ता किसी बड़े परिवार जैसा है।

**1925** से 2025 तक का सफर, परंपरा, अपनापन और आने वाली पीढ़ियों पर भरोसा

# THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### 1.22 लाख से ज्यादा ने चुनी UPS

■ पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्र सरकार की नई पेंशन योजना यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) को कर्मचारियों का सपोर्ट मिल रहा है। सरकार ने सोमवार को संसद में बताया कि 30 नवंबर 2025 तक कुल 1,22,123 केंद्रीय कर्मचारियों ने इस स्कीम को अपनाया है। लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि जिन कर्मचारियों ने UPS चुना है, उन्हें अपनी पूरी नौकरी के दौरान एक बार वापस NPS में जाने का मौका दिया जाएगा।

### यस बैंक के राणा कपूर से पूछताछ

■ पीटीआई, नई दिल्ली: प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने सोमवार को यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर से लंबी पूछताछ की। यह पूछताछ रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान राणा कपूर का बयान PMLA के तहत रिकॉर्ड किया गया।

### 'क्रिप्टो लेन-देन में टॉप 10 में भारत'

■ वि, नई दिल्ली : बायबिट (Bybit) और डीएल रिसर्च (DL Research) ने मिलकर 'वर्ल्ड क्रिप्टो रैंकिंग्स 2025' रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, लेन-देन के मामले में भारत दुनिया के टॉप 10 देशों में शुमार हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को ग्लोबल लिस्ट में 9वीं रैंक मिली है। इस कामयाबी की मुख्य वजह भारत का मजबूत रिटेल यूजर बेस और 'स्टेबलकॉइन्स' का बढ़ता इस्तेमाल है।

### BHEL ने दिया 110 करोड़ का डिविडेंड

■ पीटीआई, नई दिल्ली: पब्लिक सेक्टर की इंजीनियरिंग कंपनी भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) ने भारत सरकार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 109.98 करोड़ रुपये का फाइनल डिविडेंड दिया है। BHEL में भारत सरकार की 63.17 फीसदी हिस्सेदारी है।

# सोना एक दिन में 4,000 रु. महंगा

## 1,37,600 रुपये/10 ग्राम के ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा गोल्ड

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : सोना और चांदी की कीमतों में तेजी बनी हुई है। ऑल इंडिया ज्वेलर्स असोसिएशन के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली में सोने की कीमतों में 4,000 रुपये का जबरदस्त उछाल आया। इसके साथ ही सोना 1,37,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने अब तक के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। इससे पहले 17 अक्टूबर को सोने ने 3,200 रुपये की छलांग लगाई थी और 1,34,800 रुपये का रेकॉर्ड बनाया था। 31 दिसंबर 2024 के 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से तुलना करें तो सोना अब तक 74.3 प्रतिशत महंगा हो चुका है। दूसरी ओर, सोमवार को चांदी की कीमतें 1,99,500 रुपये (सभी टैक्स सहित) पर स्थिर रहीं। हालांकि, इस साल अब तक चांदी ने 1,09,800 रुपये (122.41%) की भारी बढ़त हासिल की है। 31 दिसंबर 2024 को इसका भाव 89,700 रुपये प्रति किलो था।

इस साल सोने ने करीब 74% का रिटर्न दिया है।


AI Image

### दुनिया में तनाव से बढ़ रहा दाम: केंद्र

■ पीटीआई, नई दिल्ली: सोने और चांदी की कीमतों में हाल ही में जो भारी उछाल आया है, उसकी सबसे बड़ी वजह दुनिया भर में बढ़ा तनाव (जियोपॉलिटिकल टेंशन) और ग्लोबल ग्रोथ को लेकर बना डर है। सोमवार को वित्त मंत्रालय ने बताया कि आर्थिक अनिश्चितता की वजह से लोग सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मान रहे हैं। लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि कीमतें बाजार तय करता है, सरकार का इसमें कोई दखल नहीं होता।

वहीं, MCX पर फरवरी डिलीवरी वाले सोने के कॉन्ट्रैक्ट में सोने में 1,874 रुपये (1.4%) का उछाल आया और यह 1,35,496 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया। वहीं, मार्च 2026 के कॉन्ट्रैक्ट के लिए चांदी 5,255 रुपये (2.72%) बढ़कर 1,98,106 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

### सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली गिरावट

सोमवार को सेंसेक्स 54.30 अंक गिरकर 85,213.36 पर बंद हुआ। एक समय 427 अंक टूटकर 84,840 पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 19.65 अंक (0.08%) की हल्की गिरावट के साथ 26,027.30 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह 25,904 तक लुढ़क गया था।

### 90.78 के निचले स्तर पर रुपया

सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया एक समय 90.80 के लेवल तक गिर गया, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। आखिर में यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 29 पैसे की कमजोरी के साथ 90.78 (अस्थायी) के नए ऑल-टाइम लो पर बंद हुआ।

# नवंबर में भी माइनस में रही थोक महंगाई

■ पीटीआई, नई दिल्ली: नवंबर महीने में थोक मूल्य सूचकांक (WPI) पर आधारित महंगाई दर लगातार दूसरे महीने 'माइनस' में रही। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में यह दर (-) 0.32 प्रतिशत दर्ज की गई। हालांकि, अगर महीने-दर-महीने आधार पर देखें, तो दाल और सब्जियों जैसी चीजों के दाम थोड़े बढ़े हैं, लेकिन कुल मिलाकर महंगाई शून्य से नीचे ही रही। अक्टूबर में थोक महंगाई दर (-) 1.21 प्रतिशत थी, जबकि पिछले साल नवंबर में यह 2.16 प्रतिशत थी।



उद्योग मंत्रालय ने अपने बयान में बताया कि सालाना आधार पर महंगाई के माइनस में रहने की मुख्य वजह खाने-पीने की चीजों, मिनरल ऑयल, कच्चा तेल, नेचुरल गैस, बेसिक मेटल्स और बिजली के दामों में कमी आना है। खाने-पीने की चीजों के दाम पिछले आठ महीनों (अप्रैल से) से लगातार गिर रहे हैं।

### नवंबर में भारत के निर्यात में उछाल

# US टैरिफ के बावजूद 19% बढ़ा एक्सपोर्ट


AI Image

■ पीटीआई, नई दिल्ली: अक्टूबर महीने में आई गिरावट के बाद भारत के निर्यात ने नवंबर में जोरदार वापसी की है। इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की बंपर डिमांड के चलते नवंबर में निर्यात 19.37% बढ़कर 38.13 बिलियन डॉलर हो गया। इसका सीधा फायदा यह हुआ कि देश का व्यापार घाटा घटकर 5 महीने के सबसे निचले स्तर 24.53 बिलियन डॉलर पर आ गया। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में देश का आयात 1.88% गिरकर 62.66 बिलियन डॉलर रह गया। इसकी मुख्य वजह सोने, कच्चे तेल, कोयले और कोक के आयात में कमी आना है।

व्यापार घाटा घटकर 5 महीने के निचले स्तर पर

कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने बताया कि नवंबर के निर्यात ने इस साल अक्टूबर में हुए नुकसान की भरपाई कर दी है। उन्होंने कहा कि खास बात यह है कि अमेरिका ने भारतीय सामानों पर 50% का भारी-भरकम टैरिफ (टैक्स) लगाया है, इसके बावजूद निर्यात में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अग्रवाल ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग, केमिकल्स और जेम्स-ज्वेलरी जैसे सेक्टरों ने निर्यात बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (FIEO) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि अप्रैल-नवंबर 2025 के दौरान अमेरिका भारत का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट बना रहा। 50% टैरिफ लगने के बाद भी यह स्थिति बनी रहना भारतीय निर्यातकों की मजबूती को दिखाता है।

# पैरेंट्स मान रहे, बिना फोन डिनर से जुड़ाव बढ़ेगा: सर्वे


AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: 81 फीसदी माता-पिता मानते हैं कि डिनर के दौरान फोन बंद रखने से वे अपने बच्चों के साथ ज्यादा जुड़ाव महसूस करते हैं। वीवो इंडिया की 'स्विच ऑफ स्टडी 2025' में यह बात सामने आई है। सर्वे में पाया गया कि 72 फीसदी माता-पिता और 30 फीसदी बच्चे मानते हैं कि खाते समय फोन देखना बातचीत में सबसे बड़ी रुकावट है। जहां बच्चे फोन का इस्तेमाल मनोरंजन के लिए करते हैं, वहीं माता-पिता बार-बार मैसेज या नोटिफिकेशन चेक करते हैं। इससे आपसी बातचीत का सिलसिला टूट जाता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 72 फीसदी बच्चे अपने माता-पिता के साथ सबसे ज्यादा समय डिनर पर ही बिताते हैं। जब फोन अलग रख दिए जाते हैं, तो 91 फीसदी बच्चों को लगता है कि बात करना आसान और ज्यादा सार्थक होता है। बिना फोन के 87 फीसदी बच्चे अपने मन की बात खुलकर कह पाते हैं।

**AI के कारण भी बढ़ी दूरी**

67 फीसदी बच्चों का कहना है कि उनके माता-पिता व्यस्त रहते हैं, इसलिए वे अपने सवालों के लिए AI टूल्स का सहारा ले रहे हैं। सर्वे में 54% बच्चों ने कहा कि वे AI टूल का उपयोग होमवर्क, सीखने और व्यक्तिगत विकास के लिए करते हैं। वीवो इंडिया के कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी हेड गीतज चानना ने कहा है कि यह स्टडी बताती है कि परिवार अब संतुलन बनाना चाहते हैं।

# 'WhatsApp को डेटा पर यूजर्स की सहमति लेनी होगी'

■ पीटीआई, नई दिल्ली: अपीलीय ट्रिब्यूनल NCLAT ने सोमवार को एक बड़ा फैसला सुनाते हुए साफ किया कि प्राइवेसी और सुरक्षा से जुड़े उसके आदेश WhatsApp के हर तरह के काम पर लागू होते हैं। चाहे मसला विज्ञापन का हो या बिना विज्ञापन वाला। डेटा कलेक्ट करने और शेयर करने से पहले यूजर की मंजूरी लेना जरूरी होगा। NCLAT ने यह आदेश CCI की एक अर्जी पर दिया। ट्रिब्यूनल ने कहा, अपील करने वाले (WhatsApp, Meta) यूजर के डेटा पर अपना एकतरफा या मनमाना हक नहीं जता सकते। NCLAT ने कहा, हमने पहले ही साफ कर दिया था कि यूजर्स के पास यह तय करने का अधिकार होना चाहिए कि उनका कौन सा डेटा लिया जा रहा है, किस काम के लिए लिया जा रहा है और कितने समय के लिए।

# MF में निवेश सस्ता, SEBI घटा सकता है फीस

## कल सेबी बोर्ड की अहम मीटिंग, IPO सहित कई मुद्दों पर भी होगी चर्चा

■ NBT रिपोर्ट : शेयर बाजार नियामक SEBI (सेबी) निवेशकों के फायदे के लिए म्यूचुअल फंड के नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी में है। बुधवार को होने वाली बोर्ड बैठक में म्यूचुअल फंड की फीस कम करने, IPO के नियमों को आसान बनाने और निवेशकों के खर्चों में पारदर्शिता लाने पर फैसला हो सकता है। साथ ही, सेबी अपने अधिकारियों के लिए हितों के टकराव (Conflict of Interest) से जुड़ी एक्सपर्ट पैनल की रिपोर्ट पर भी विचार करेगा। करीब 30 साल बाद नियमों की इतनी बड़ी समीक्षा की जा रही है। बता दें कि MF इंडस्ट्री 80 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति मैनेज करती है।

अक्टूबर में सेबी ने इक्विटी और डेट फंड्स में टोटल एक्सपेंस रेशियो (TER) यानी कुल खर्च को कम करने का प्रस्ताव दिया था। साथ ही ब्रोकरेज फीस घटाने की भी बात कही थी। TER वह फीस है जो सेबी के नियमों के मुताबिक निवेशकों से स्कीम के खर्च के तौर पर ली जाती है। यह मैनेजमेंट और ऑपरेशनल खर्चों को पूरा करने के लिए निवेशकों से वसूली जाती है। अभी यह फीस फंड के साइज के हिसाब से अलग-अलग स्लैब में लगती है। सेबी ने अपने डिस्कशन पेपर में सुझाव दिया है कि म्यूचुअल फंड जो TER चार्ज करते हैं, उसमें 15-20 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की जानी चाहिए।

टोटल एक्सपेंस रेशियो (TER) को कम करने का प्रस्ताव ला सकता है सेबी।


AI Image

एक और बड़ा प्रस्ताव कैश मार्केट ट्रांजैक्शन के लिए ब्रोकरेज को 12 बेसिस पॉइंट्स से घटाकर 2 बेसिस पॉइंट्स करना है। वहीं, डेरिवेटिव ट्रांजैक्शन के लिए इसे 5 बेसिस पॉइंट्स से घटाकर 1 बेसिस पॉइंट करने की बात है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि मार्केट के बिचौलिये इसका विरोध कर रहे हैं।

■ **क्या होगा फायदा? :** सेबी का कहना है कि ब्रोकर अभी रिसर्च और सौदे कराने के नाम पर ज्यादा चार्ज वसूलते हैं। चूंकि रिसर्च करना फंड हाउस का अपना काम है। इसलिए निवेशकों से इसके लिए अलग से पैसे लेना गलत है। सेबी के मुताबिक, निवेशकों को अनजाने में एक ही चीज के लिए दो बार पैसे देने पड़ते हैं।

■ **IPO को लेकर प्लान? :** अभी कोई कंपनी अपना IPO लाती है, तो उसके दस्तावेज इतने पेचीदा होते हैं कि आम निवेशक उन्हें समझ ही नहीं पाता। सेबी अब एक आसान और छोटी समरी (Summary) लाने का विचार कर रहा है। इसमें कंपनी की कमाई, रिस्क और मुख्य जानकारी एक ही जगह मिल जाएगी, ताकि रिटेल निवेशक आसानी से फैसला ले सकें।

■ **क्या कहते हैं एक्सपर्ट? :** इसके साथ ही, सेबी टैक्स (STT, GST और स्टैम्प ड्यूटी) को फंड की फीस से बाहर रखने और फंड हाउसों द्वारा लिए जाने वाले कुछ अतिरिक्त चार्जेस को खत्म करने पर भी मुहर लगा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ये बदलाव लागू होते हैं, तो म्यूचुअल फंड कंपनियों की कमाई थोड़ी कम हो सकती है, लेकिन आम निवेशकों के लिए यह एक बड़ी राहत होगी।

■ **फंड हाउस का कहना है? :** आनंद राठी ग्रुप के चेयरमैन आनंद राठी कहते हैं, ब्रोकरेज में प्रस्तावित कटौती लंबे समय में निवेशकों के हित में नहीं हो सकती है। किसी भी म्यूचुअल फंड का प्रदर्शन इस बात पर निर्भर करता है कि ब्रोकर्स उन्हें कितनी अच्छी 'सेल-साइड रिसर्च' मुहैया कराते हैं।

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in